ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 34, अंक 145, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 13

इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 14

जम्मू-कश्मीर सहित 4 राज्यों में वोटर लिस्ट को अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इन विधानसभाओं के चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का अंतिम विशेष सारांश संशोधन 1 जनवरी, 2024 को अर्हक तिथि के रूप में संचालित किया गया। निर्वाचन कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 14 में संशोधन के पश्चात अब वर्ष में चार अर्हक तिथियों का प्रावधान उपलब्ध है। तदनुसार, आयोग ने सभी पात्र एवं अपंजीकृत नागरिकों को मतदाता सूची में नामांकन कराने के उद्देश्य से हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर में एक जुलाई 2024 तक मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का निर्णय लिया है।

समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन को टाल दें

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1 जुलाई से लागू होने हैं तीनों नए आपराधिक कानून

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हड़बड़ी में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने आपराधिक कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई।

ये तीन नए कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे, और उनसे इस मुद्दे पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया। मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए। ममता ने कहा कि मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें। इसके दो कारण हैं: नैतिक और व्यावहारिक। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नए सिरे से विचार-विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए।

146 सांसद निलंबित थे तब पारित हुए विधेयक

टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा कि आपकी सरकार ने इन तीन विधेयकों को एकतरफा पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था।

योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

एक नजर

बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे।

इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की फर्जी धमकी मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल खाते पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी।

दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती

केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।

- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। कल देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

पीठ के समक्ष ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोपी मुख्यमंत्री की रिहाई पर रोक लगाने और याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए दावा किया कि ईडी को संबंधित निचली अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। राजू ने कहा कि मैं तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहा हूं। कल (गुरुवार) रात 8 बजे आदेश सुनाया गया। आदेश बेवसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। हमें (केजरीवाल की) जमानत का विरोध करने का स्पष्ट अवसर नहीं दिया गया।

काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। कोर्ट ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है।

नीट-यूजी मामला

- सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार
- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया है। परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए की ओर से बताया गया है कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। कहा गया है कि परीक्षा की नई तारीख बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।

केजीएमयू समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालय डिफाल्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित केजीएमयू (दंत), अटल बिहारी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर विवि, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि, प्रयागराज स्थित प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि मथुरा, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई शामिल है।

वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए। झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडेक्ट 'झूला' प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया पानी सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

दिल्ली जल संकट

- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

योग शपथ अभियान राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाई

राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान, गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने राज्यपाल को सौंपा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

अमृत विचार: राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली ने राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र देकर इसे एक अद्भुत व शानदार उपलब्धि बताई और राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड के लंदन व जापान स्थित कार्यालय से सराहना व्यक्त किये जाने की जानकारी दी। राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया।

योग शपथ अभियान में राजभवन के विश्व कीर्तिमान बनाने पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

इस अवसर पर योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शामिल रहे।

एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

अमृत विचार : सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्प दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था।

सिपाही भर्ती

प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

एक नजर

नीट पेपर लीक मामले में सियासत ठीक नहीं : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने नीट पेपर लीक मामले में सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि मुख्य आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है, जिसकी वजह से निर्दोश छात्र पिस रहें हैं, इसकी आंड में कोई सियासत करना ठीक नहीं है।

प्रो. सुरेश बने केजीएमयू के नए चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार,लखनऊ : केजीएमयू में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर सुरेश कुमार को नया चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 15 जुलाई 2024 तक के लिए दी गई है। यह आदेश शुक्रवार को कुलपति ने निर्वतमान चिकित्सा अधीक्षक के अवकाश पर जाने के बाद लिया है।

स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं नियमित हिस्सा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में योग करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए लोग योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के दौरान लोगों से यह अपील की। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ अगर हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकों सामूहिक योगाभ्यास किया।

▸▸ राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया योगाभ्यास

योग एक संपूर्ण विद्या

मुख्यंत्री ने कहा कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

अयोध्या और प्रयाग में बनेगा अतिविशिष्ट राज्य अतिथि गृह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप बनेंगे नए अतिथि गृह

अमृत विचार: अयोध्या और प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि का प्रस्तुतिकरण देखा।

अपने सरकारी आवास पर राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है।

इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में गणमान्य जनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरु कर दी जाए।

रिक्त पदों के आंकड़े नहीं मिल रहे स्वास्थ्य विभाग को

पैरामेडिकल व कर्मचारियों के रिक्त पदों की मांगी जा रही सूचना

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से वेतन निर्गत होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में विभागवार रिक्त पदों का रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। मलेरिया विभाग समेत विभिन्न संवर्ग के विभागों द्वारा रिकार्ड भेजे जा रहे हैं मगर वास्तविक आंकड़ों से मिलान नहीं हो रहे हैं। विभाग द्वारा रिक्त पदों को लेकर सटीक आंकड़े मांगे जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट,नर्सेस, टेक्नीशियन, लिपिक संवर्ग समेत कई विभागों के रिक्त पदों के रिकार्ड मांगे गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश् राठौर ने बताया कि विभागों में पदोन्नति से रिक्त होने वाले पद और सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों को स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अभी तक प्राप्त रिक्त पदों की संख्या में, सीधी भर्ती के पद स्पष्ट नहीं हैं, ऐसी समस्या कई विभागों में मिल रही हैं। इससे सीधी भर्ती के लिए लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजने में दिक्कत आएंगी। वहीं निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि पैरामेडिकल के रिक्त पदों के आंकड़े मंगाए गए हैं, चिकित्सकों में ग्रेड वन की पदोन्नति होने के बाद पद रिक्त होंगे, उसके बाद अधियाचन भेजा जाएगा।

▸▸ विभिन्न विभागों द्वारा भेजे गए रिकार्ड वास्तविक आंकड़ों से नहीं मिल रहे

मनचाहे तबादले के लिए नियम शर्ते लागू

स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरो को मनचाहे अस्पताल में स्थानान्तरण तभी मिलेगा, अगर उस अस्पताल में जरूरत होगी साथ ही छोड़ने वाले अस्पताल में कार्य प्रभावित न हो। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव विनोद कुमार ने अनुरोध करने वाले चिकित्सक व दंत चिकित्सकों के सेवा विवरण को तलब किया गया है। विशेष सचिव ने शुक्रवार को महानिदेशक, निदेशक दंत, निदेशक संचारी रोग व अपर निदेशक मलेरिया व वीबीडी को पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि स्थानान्तरण पॉलिसी के तहत अनुरोध पर गृह जनपद में तैनाती नहीं मिलेगी। इसके अलावा अनुरोध करने वाले चिकित्सक, जहां पर तैनाती चाह रहे है वहां पर जरूरत है या नहीं। इसके अलावा चिकित्सक के सेवानिवृत्त कितने साल शेष है, दाम्पत्य नीति का लाभ ले चुका है या नहीं, संबन्धित जिले में पूर्व में तैनात रह चुके है तो कुल कितने साल की सेवा दे चुके हैं, आदि विवरण अगले दो दिन में भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर दो स्थानांतरित

अमृत विचार,लखनऊ: बिजली आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा में लापरवाही पर वाराणसी में तैनात सहायक अभियंता समेत दो कर्मियों को अभियंताओं को स्थानांतरित कर दिया गया। शुक्रवार को वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

वाराणसी में तैनात उप खंड अधिकारी रहनियां अजय प्रताप यादव को मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र भेजा गया है, जबकि यहां तैनात कार्यकारी सहायक अरुण कुमार सिंह को भी मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र स्थनांतरित किया गया है। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने सभी क्षेत्रों में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चल रही आरडीएसएस व अन्य योजनाओं को समय पर पूरा करने व विकास कार्यों के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना जनप्रतिनिधियों को देने के निर्देश दिये।

मौसम में सुधार के बाद भी ठप हो रहीं बिजली इकाइयां

मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप, मांग घटकर 27 हजार पर पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट बिजली मांग में आई गिरावट

▸▸ मेजा से 660 मेगावाट व सिंगरौली से 2 सौ मेगावाट विद्युत की होती है आपूर्ति

अमृत विचार: तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। 13 जून को सबसे ज्यादा अधिकतम मांग 30,618 मेगावाट रिकार्ड हुई थी।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है। तीन इकाइयों के बंद होने से बिजली उत्पादन घट गया है। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है, हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर स्थिति काबू में की गई है।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। स्थानीय खराबी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को कम समय में बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बिजली आपूर्ति न रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं।

बिजली मांग की स्थिति

12 जून	30,240 मेगावाट
13 जून	30618 मेगावाट
14 जून	30,336 मेगावाट
15 जून	29,946 मेगावाट
16 जून	30,163 मेगावाट
17 जून	29,717 मेगावाट
18 जून	29,585 मेगावाट
19 जून	29,448 मेगावाट

जीवंत अर्थव्यवस्था का केंद्र होगी पीतल नगरी

अमृत विचार: राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है। उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप ''शिवालिक'' और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

केजीएमयू समेत प्रदेश के 14 विवि डिफाल्टर घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शिकायतों को दूर करने के लिए लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) समेत प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (दंत), अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, टीएस मिश्र चिकित्सा विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी, मेरठ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ में ही महावीर यूनिवर्सिटी, मथुरा स्थित यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस सैफई, आगरा स्थित अग्रवान हैरिटेज यूनिवर्सिटी व एक अन्य यूनिवर्सिटी शामिल है। डिफाल्टर घोषित होने के साथ ही विश्वविद्यालयों ने लोकपाल नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मालूम हो कि केजीएमयू में दंत संकाय के कई विभाग पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए गए हैं। जिसकी वजह से विभागों में व्यावहारिक दिक्कतें बनी हुई हैं, अव्यवस्था की सुनवाई के लिए सेल न होने की वजह से छात्र-छात्राओं की शिकायतों का निवारण नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूजीसी के मानक न पूरे करने पर, यूजीसी ने इन्हें डिफाल्टर सूची में शामिल किया है।

नई बिजली दरों को लेकर जुलाई में होगी सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 8 जुलाई को कानपुर में होगी पहली बैठक

अमृत विचार: प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकड़ं समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

दरें कम कराने की तैयारी में

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

पांच माह में 25 हजार किलो मादक पदार्थ बरामद

अमृत विचार,लखनऊ: प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर सरकार दवारा जबरदस्त कार्रवाई की गई है। 2024 की ही बात करें तो मई माह तक 24,529 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। वहीं केवल एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई में 70 करोड़ से ज्यादा कीमत का 7317 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया।

एडीजी क्राइम एसके भगत के मुताबिक मई 2024 तक अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर कुल 3,657 अभियोग दर्ज किए गए हैं। वहीं 4548 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। कुल 18,945.66 किग्रा गांजा, 5,151.81 किलो डोडा, 250.39 किलो अफीम, 412.93 किलो चरस, 97.94 किलो हेरोइन एवं स्मैक और 8.83 किलो मारफीन बरामद की गई है।

बिना लिखित आश्वासन के खत्म नहीं होगा विरोध- प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन निगम के बाहर मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी रहा जारी

▸▸ प्रदेश भर में मृतक आश्रितों की संख्या 1000 से ज्यादा

अमृत विचार: उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बाहर मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की भर्ती की उम्मीद लिए तमाम लोग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते रहे और निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन करने वालों के अनुसार बीते चार दिनों से धरना प्रदर्शन में कोई भी अधिकारी अब आश्वासन तक देने नहीं आया। बिना लिखित आश्वासन के धरना प्रदर्शन स्थगित भी नहीं होगा। प्रदेश भर में ऐसे मृतक आश्रितों की संख्या 1000 से ज्यादा है।

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि निगम मुख्यालय के अधिकारी भी मृतक आश्रितों की भर्ती करने के पक्ष में हैं। लेकिन इसके लिए निगम का फायदे में होना जरूरी है। ऐसे में प्रदर्शन करने वालों को डेढ़ महीनें इंतजार करना होगा। इस बीच कोर्ट जाने वाले मृतक आश्रितों को कोई राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि शासन की ओर से वर्ष 2004 में जारी अधिसूचना के मुताबिक निगम हो या सार्वजनिक उपक्रम, जब तक फायदे में नहीं होंगे, अनुकंपा पर भर्ती नहीं की जा सकती है। वहीं मृतक आश्रितों का कहना है कि निगम द्वारा उनके हितो को पूरी तरह से अनदेखा किया जा रहा है।

चकबंदी विभाग के दो अधिकारी समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 6 के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति

अमृत विचार: कार्य में लापरवाही पाये जाने पर चकबंदी विभाग के दो अधिकारियों समेत चार कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के दो चकबंदी अधिकारी व दो सहायक चकबंदी अधिकारी, एक चकबंदीकर्ता व एक चकबंदी लेखपाल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

चकबंदी आयुक्त जीएस. नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम पाई तहसील खागा फतेहपुर के निवासी रवीकरन सिंह के प्रकरण में जांच कराई गई। जांच आख्या के आधार पर दोषी पाये गये तत्कालीन बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी फतेहपुर बीएन उपाध्याय को निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस प्रकरण में संलिप्त और दोषी पाए गये चकबंदी लेखपाल संदीप कुमार को निलम्बित कर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मंडलायुक्त प्रयागराज की जांच आख्या के आधार पर सहायक चकबंदी अधिकारी फतेहपुर अनिल कुमार व चकबंदी अधिकारी फतेहपुर रवीन्द्रनाथ पांडेय को भी निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम दिवैनी प्रतापगढ़ में कार्ययोजना के अनुसार कोई कार्य न करने के कारण उत्तरदायी चकबंदी अधिकारी राजेश त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी लाल बहादुर, सहायक चकबंदी अधिकारी राधेश्याम गुप्ता व नंदलाल पटेल, चकबंदी कर्ता शम्भू प्रसाद, चकबंदी लेखपाल यादवेन्द्र कुमार पटेल के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

राज्यकर सेवा संघ के दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए ज्योति, संरक्षक बने आनंजेय

उत्तर प्रदेश राज्य कर सेवा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शुक्ला व संरक्षक आनंजेय कुमार रॉय।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अब जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र के नाम से जाना जाएगा संघ

अमृत विचार: राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब 'जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र' के नाम से जाना जाएगा। अधिवेशन मे हुए संघ के चुनाव के बाद देर शाम परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है। महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर तीन लोगों को चुना गया। इनमें प्रमुख रूप से अनिल मिश्रा, ज्योति यादव, डॉ. सतीश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष पद पर अमित मोहन और ऑडीटर पद पर सीके रल्हन को चुना गया है। संयुक्त सचिव पारुल राजवंशी, विराट प्रताप सिंह, संदीप कुमार व श्याम सुंदर पाठक बनाए गए। यह जानकारी शासन में संयुक्त सचिव पद पर तैनात एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 ब्रजेश मिश्र ने दी। लखनऊ की विशेष अनुसंधान शाखा के ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 483 वोट पडे.। प्रदेश के करीब 800 अधिकारियों की मौजूदगी में चुनाव संपन्न हुआ। अधिकारियों की पसंद रहे संरक्षक एवं अध्यक्ष की पूरी टीम को उन्होंने बधाई भी दी। इसके अलावा बधाई देने वालों में एडि. कमिश्नर दिनेश चंद्र मिश्र, जेसी अरुण शंकर रॉय, संजय कुमार भदौरिया आदि अफसरों ने चुनी गई टीम को शुभकामनाएं दीं।

छवि धूमिल गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के अभियान में मनमानी

...फिर जीरो टॉलरेंस की मंशा को दागदार नहीं कर सकेंगे दारोगा

अजय दयाल, लखनऊ

• 1 जुलाई से स्वदेशी कानून लगाएगा पुलिस के अमर्यादित आचरण पर अंकुश

अमृत विचार : कुछ दिनों की बात है, इसके बाद कानून का अनुपालन कराने के मद्देनजर दारोगा भी अपनी कानूनी शक्तियों का अनुचित इस्तेमाल करने में हिचकेगा। 1 जुलाई से लागू होने जा रहे स्वदेशी कानूनों में परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर देने के साथ पुलिस भी जवाबदेह बनेगी। दरअसल, गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के ताजा आदेश को लेकर फील्ड पुलिस के इसी रवैये पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस वालों ने कहीं किसी प्रशासनिक अधिकारी का पीछा कर बत्ती उतरवाई तो किसी महिला अधिकारी की गाड़ी बीच चौराहे रोककर हूटर हटा दिया। फील्ड पुलिस इस कानून का पालन कराने को लेकर इतनी सख्त है कि एडीएम, एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ही नहीं एमपी, एमएलए भी परेशान और आहत महसूस कर रहें हैं।

आरोप यह लग रहा है कि पुलिस की कार्रवाई प्रशासन के अधिकारियों को टारगेट करके सड़क पर बेइज्जत करने की है। इसीलिए बीच सड़क इन अधिकारियों की गाड़ी को घेरकर बत्ती-हूटर उतारे गए और वीडियो वायरल करवाया सो अलग। ऐसे में मुख्यमंत्री की वीआईपी संस्कृति समाप्त करने की मंशा के विपरीत वीआईपी को ही निशाना बनाने का संदेश कुछ पुलिसकर्मियों के चलते प्रसारित होने लगा।

सीआरपीसी की धारा 36 में थाना इचार्ज को मिले विशेषाधिकार, उच्चाधिकारियों को मिले कानूनी अधिकारों की ही तरह हैं। ऐसे में अकसर थाने को अपनी शक्तियों में समाहित करने की फील्ड और उच्च पद पर बैठे पुलिस अफसरों के बीच खींचतान भी रहती है। इसी खींचतान के तहत ही माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेश की आड़ लेकर व्यक्तिगत नंबर बढ़वाने का सिलसिला चल निकला है। इसमें संदेह नहीं की सरकार और व्यवस्था का उद्देश्य जीरो टॉलरेंस नीति को अमल में लाने की है लेकिन व्यावहारिकता में संदेश नकारात्मक गया। बहरहाल, 1 जुलाई से अंग्रेजों के जमाने के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट में बदलाव होने जा रहा है।

> कानून का अनुपालन कराने की स्थिति में भी स्वविवेक और मर्यादा का पालन करना ही चाहिए। अपराधी और अपराध की प्रवत्ति के मद्देनजर ही पुलिस की कार्रवाई में सख्ती दिखायी जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो लक्ष्मणरेखा लांघने से बचना चाहिए। नये कानूनों का संज्ञान लेते हुए पुलिस को भी कार्यशैली बदलनी होगी। –अरुण गुप्ता, पूर्व आईपीएस

> इसमें संदेह नहीं कि पुलिस मनमानी दिखाती है, लेकिन मोटर व्हिकल एक्ट के उल्लघंन पर कार्रवाई अवश्य की जानी चाहिए। अगर उल्लंघन है तो चालान काटा जाए। दुर्व्यवहार न तो पुलिस की ओर से हो और न ही कानून तोड़ने वाले की तरफ से। –शैलेन्द्रनाथ, सेवानिवृत्त न्यायाधीश

एक नजर

पुलिसकर्मी निलंबित

लालगंज, रायबरेली। पत्नी के साथ मारपीट और दहेज की मांग को लेकर दर्ज मुकदमे के नामजद आरोपी पुलिसकर्मी को एसपी ने निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि लालगंज की आराधना वर्मा का विवाह कानपुर निवासी संदीप कुमार वर्मा के साथ हुआ था। संदीप सिपाही के पद पर कार्यरत है। आराधना वर्मा ने लालगंज कोतवाली में अपने पति संदीप वर्मा सहित अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस अधीक्षक ने संदीप वर्मा को सस्पेंड कर दिया है। मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज राजेश यादव कर रहे है।

जमीन के विवाद में मारपीट

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के नरपतगंज मजरे भीरा गोविंदपुर में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना की शिकायत करते हुए लक्ष्मी देवी पुत्री सोहनलाल ने बताया गांव के जयशंकर, सतवती, केसन व सोनाली से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। बुधवार को प्रतिपक्षी उनके दरवाजे आकर जान से मारने की धमकी व गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिससे उनकी मां राजरानी व बहन ज्योति गंभीर रूप से घायल हुई है। मामले में पुलिस में रिपोर्ट की गई है।

करंट से महिला झुलसी

ऊंचाहार, रायबरेली। घर में लगे बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय एक महिला करंट से गंभीर रूप से झुलस गई है। उसे सीएससी में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। क्षेत्र के गांव खंधारीपुर निवासी रेखा अपने घर के बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी। बोर्ड में बिजली का करंट प्रवाहित था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई, जिससे गंभीर रूप से झुलस गई है।

पं. मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, डीएम हर्षिता माथुर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोवेल। अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्टेडियम में योग आसन करते लोग। अमृत विचार

जिलेभर में रही 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पिंकी जोवेल ने योग कर दिया निरोग रहने का संदेश

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में आयोजन हुए। पं. मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 'योगोत्सव' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोवेल, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, एथलीट सुधा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने अफसरों, खिलाड़ियों आदि के साथ लोगों को स्वस्थ और निरोगी रहने का संदेश दिया।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के अथक प्रयासों से पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल पाई है। इस दौरान उन्होंने योग दिवस पर चित्रकला, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डॉ रवि प्रकाश सोनकर, अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम, भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, सूरज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जिला कारागार में अपर जिला जज अनुपम शौर्य की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक रामभोले शुक्ल व अनुराग पाण्डेय, महिला प्रशिक्षक शालिनी तिवारी व शिवानी रस्तोगी ने योगाभ्यास व ध्यान कराया। कारागार चिकित्साधिकारी सुनील अग्रवाल, जेलर हिमांशु रौतेला, उप जेलर धर्मपाल, इन्द्रमणि शुक्ल, ज्ञान लता व कंचनलता मिश्रा व सुमैया परवीन मौजूद रहे।

जीव को ब्रम्ह से मिलाना ही योग है : स्वामी विज्ञानानंद

शहीद स्मारक में आयोजित योग शिविर में अतिथि को सम्मानित करते लोग।

रायबरेली, अमृत विचार। मुख्य अतिथि परिव्राजक संत विज्ञानानंद महाराज ने शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ ही नहीं बल्कि योगार्थ जाइए के सूत्र वाक्य को सभी विद्यार्थी, आत्मसात करें। शिक्षा और योग ग्रहण कर देश सेवा में मूल ज्ञान का सदुपयोग करें। सुंदर मनमोहक भजन से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किए। शुक्रवार को मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के तत्वाधान में राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का दूसरा दिन संपन्न हुआ। मनोज पांडेय बजरंग दास ने योग के शानदार कार्यक्रम से लोगों के अंदर का उत्साह, अनुशासन, धैर्य, सेवाभाव, शांति, स्थिरता, एकाग्रता देखकर हतप्रभ हो उठे। मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली जनपद के लिए वरदान साबित हुआ है। कार्यक्रम का समापन रवींद्र कुमार सिंह ने किया। अरुणेंद्र सिंह ने योग शिविर में योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, आसन आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया एवं वहां उपस्थित सभी को सामूहिक रूप से गुरुमंत्र का पाठ कराया। समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हर क्षण हर पल हर समय आनंद में रहना ही योग है। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंगस्त्र और स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। संचालन योगाचार्य बृजमोहन ने किया। इस अवसर पर आरती पाण्डेय, नीलू सिंह, रनिता सिंह, अंकित अग्रहरि, देव, राज अग्रहरि, अनुराग, सिद्धार्थ दुबे, आरती, संगीता मिश्रा, श्रवण पटेल, राजन सिंह, बृजेश सिंह, विजय सिंह बघेल, संतोष त्रिपाठी, सरला मौर्या, आरके सिंह, अरुणेंद्र सिंह, महेश सिकरिया, कृष्ण कांत गुप्ता, कोमल सिंह, शशि वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी : दीप प्रकाश

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में समस्त शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ला व प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को जीवनशैली में अपनाया जाना बहुत जरूरी है। इस दौरान एसडीएम नवदीप शुक्ला, नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, रोहित शर्मा, दिग्विजय सिंह, कमलेश त्रिपाठी, अमर पाल, शुभम, आनंद मिश्रा, राजबाबू, कविता, सना आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। तहसील कार्यालय में लेखपाल प्रियम पांडे, उमाकांत तिवारी, शीतला शंकर त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। विद्या भारती व पतंजलि योगपीठ में संयुक्त रूप से योग दिवस मनाया। समिति के अनुभवी योग प्रशिक्षक व विहिप के जिला संरक्षक रमाशंकर बाजपेई के मार्ग दर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न योग किए।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज में योगाभ्यास करते लोग।

नित्य योग करने से निरोग रहता है शरीर : आनंद

डलमऊ ब्लाक परिसर में योग करते लोग। अमृत विचार

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। शुक्रवार को सुबह से ही लोगों में योग को लेकर विशेष उत्साह दिखा। योगाचार्य आनंद ने अनुलोम विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाओं के माध्यम से लोगों को योगाभ्यास कराया। योगाचार्य आनंद ने बताया कि नित्य योग करने से शरीर निरोग रहता है। तहसीलदार डलमऊ ध्रुव नारायण यादव ने कहा कि योग ही ऐसी क्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य विभिन्न रोगों से छुटकारा पा सकता है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़, खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव सहित बडी संख्या में कस्बेवासी भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षकों ने बताया योग का महत्व

शिवगढ़ में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। ब्लॉक परिसर, थाना परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर शिवगढ़, श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़, न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कॉलेज भवानीगढ़, श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कॉलेज शिवगढ़, जनता विद्यालय गूढ़ा, केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, आदर्श कृषक विद्यालय भौसी, शैल अवधेश पब्लिक हाईस्कूल खजुरों, कृतिका ज्ञान विज्ञान स्कूल शिवगढ़, सृजन विद्यालय भवानीगढ़, रामदुलारी पंचमलाल पब्लिक स्कूल असहन जगतपुर में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर शिवगढ़ में योग प्रशिक्षक डा महेंद्र सिंह ने योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योगाभ्यास कराया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी साविर अनवर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीबी सिंह, शिवपाल सिंह, कप्तान सिंह, लवकुश ठाकुर, भद्रपाल सिंह, अंजली वर्मा, मोहित सिंह, राजाराम आदि लोग उपस्थित रहे।

पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं।

दिनचर्या में शामिल करें योग : डॉ. अरविंद

योग दिवस पर एम्स के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में आयुष विभाग के तत्वावधान मे दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस पर एम्स के सभी अधिकारी व कर्मचारियो ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से संदेश दिया गया कि योग शरीर, मन और आत्मा के मिलन का माध्यम है। बनारस हिंदू विश्व विद्यालय से आए मुख्य अतिथि प्रो डा ओपी सिंह को निदेशक ने प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया। निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी ने कहा कि आदि काल मे ऋषि मुनी योग की साधना कर सैकडो वर्षो तक निरोगी रहते हुए सैकडो वर्ष जीवित रहते थे। आज हम लोग योग को छोड़ कर आगे बढ गए हैं। उन्होने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है। बल्कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों को अच्छे से स्वस्थ्य बनाए रखने में मदद करता है। डीन प्रो नीरज कुमारी ने कहा कि योग तनाव से राहत देता है। बेहतर नींद, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। प्रो डा गौरव उपाध्याय ने कहा कि जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़ व खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है। हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं, तो आपकी शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। डा हरि कृष्ण पारीक ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। हमें रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। हृदय रोग, मधुमेह व अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों को दूर रखता है। इस मौके पर कर्नल यूएन राय, प्रशासनिक अधिकारी कुंवर बाल योगेश्वर, डा रजत शुभ्रा दास, डा प्रफुल्ल जोशी, नर्सिंग ऑफिसर रवि बिश्नोई मौजूद रहे।

एम्स में योगासन करते चिकित्सक। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने किया योगाभ्यास

प्राथमिक विद्यालय राजापुर में योगाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

राही, रायबरेली, अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय राजापुर में अनुभव सिंह व गरिमा सिंह द्वारा योग कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिक्षक अजय सिंह ने कल्यानमन्त्र व शांति पाठ से योगोत्सव का समापन किया। प्रधानाध्यापक शिवबहादुर, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह, एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार, सन्तसेवक, जागेलाल, राज किशोर, सुरेंद्र, मोनू सान्या देवी, भावना यादव, नीतू, प्रदीप यादव, रसोइयां व बच्चे उपस्थित रहे।

योगाभ्यास में कर्मचारी और बच्चों ने लिया हिस्सा

राजकीय पीजी कॉलेज में योगाभ्यास करते प्राचार्य व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

ऊंचाहार। डॉ अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊंचाहार में प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में विश्व योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया। इस योगाभ्यास में महाविद्यालय के प्राध्यापक डा बालेन्द्र सिंह यादव, डा विकास, डा अनुपमा, डा सन्तोष, डा असलम खान, डा दीक्षा शर्मा समस्त कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित योग शिविर में शामिल शिक्षक व बच्चे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियो एवं शिक्षकों द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अपनी पूर्ण आस्था के साथ मनाया गया। यौगिक क्रियाओं के समापन के बाद प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने योग के लाभ बताते हुए कहा कि सभी लोग योग से जुड़े, योग को धारण करें तथा अवसाद व बीमारियों से बचें। उप प्राचार्य रमेशचन्द्र दुबे ने इस सफल आयोजन के लिए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन भूगोल प्रवक्ता अभिषेक सिंह एवं खेल शिक्षक सुनीत कुमार यादव ने किया। उप प्राचार्य राजेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा व कमलेश कुमार एवं आशुतोष मिश्र, उपासना सिंह, पूनम शुक्ला, भावना, सौरभ, अभिषेक आदि शिक्षको ने भी व्यवस्था में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

एसडीएम व तहसीलदार ने कर्मियों के साथ किया योग

सलोन तहसील परिसर में योग करते एसडीएम अभिषेक वर्मा, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी व स्टॉफ।

सलोन, रायबरेली। तहसील परिसर में एसडीएम अभिषेक कुमार व तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने अपने कर्मचारियों के साथ योग शिविर में भाग लिया। सर्वोदय इंटर कॉलेज में नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी, प्रधानाचार्य अमित भारती ने नगर के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। योगा शिक्षक विवेक मौर्या ने बताया कि योग मानवता के लिए भारत का अद्वितीय उपहार है। कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने योग शिविर में भाग लिया। ब्लाक परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। निमिषा कान्वेंट स्कूल में प्रशिक्षक सीएल मौर्य ने कपालभाती, भ्रामरी, प्रणव, भस्तिका प्राणायाम, ताड़ासन, चक्रासन, मंडूकासन आदि कई आसनों को कराया।

मनमानी | गंगा एक्सप्रेस- वे के साथ ही जिले के अलग-अलग स्थानों पर चल रहा है अवैध खनन का कारोबार

किसकी मजाल जो रोक दे सड़कों पर दौड़ते ओवरलोड डंपरों की रफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग स्थानों से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में मानकों की अनदेखी कर खनन कराया जा रहा है। विभाग से कम एरिया का परमिशन लेकर गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों को दरकिनार कर एक ओर जहां खनन कराया जा रहा है, वही सड़को पर डंपरों से ओवरलोडिंग मिट्टी ढोई जा रही है।

सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड डंपरों पर नकेल कसने में पुलिस और परिवहन विभाग फेल साबित हो रहा है। मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों को बिना ढके सड़को पर दिन भर दौड़ाया जाता है। इसके चलते डंपरों से सड़क पर गिरी मिट्टी से हादसे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि सांठगांठ से चल रहे ओवरलोडिंग के खेल में बड़े नाम शामिल है। जिले के लालगंज टोल प्लाजा, ऊंचाहार, जगतपुर व सलोन में हाईवे पर ओवरलोड डंपर दौड़ रहे हैं। इन डंपरों में मिट्टी ढोई जा रही है। पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से ओवरलोडिंग को रोकने को लेकर तमाम दावे किए जाते हैं और कार्यवाहियों के आंकड़े भी गिनाए जाते हैं लेकिन सख्त सिस्टम ने हाईवे पर बेधड़क दौड़ते इन डंपरों से नजर फेर रखी हैं। यही वजह है कि ये ओवरलोड डंपर दिन-रात दौड़ते रहते हैं। ओवरलोडेड वाहनों से लगातार हादसे भी हो रहे हैं। इसके बावजूद ओवलोडिंग पर नकेल नहीं कसी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी कई बार शिकायत भी अधिकारियों से की लेकिन डंपरों के पहियों पर ब्रेक नही लग सका।

नहीं हो रहा पानी का छिड़काव: लालगंज के टोलप्लाजा के पास हो रहे एक्सप्रेस वे निर्माण में इन दिनों डंपरों से दोनों ओर से मिट्टी ढुली जा रही है। डम्परों में जहां ओवरलोडिंग रहती है वही निर्माण स्थल पर भी काफी फैलाव है। ऐसे में वहां पर सड़क पर भी काफी मिट्टी रहती है और जब गाड़ियां निकलती है तो यह धूल मिट्टी उड़ जाती उड़ती रहती है लेकिन इससे बचने के लिए एक्सप्रेस वे के निर्माण में लगी कार्रवाई संस्थाओं द्वारा पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता है।

सड़क पर ओवरलोड मिट्टी लादकर जाता डंपर व उड़ती धूल। अमृत विचार

जिले में तेजी से चल रहा है खनन का खेल

रायबरेली। एक ओर जहां अवैध खनन को लेकर सम्बन्धित विभाग और उसके जिम्मेदार कार्रवाई के आकंड़ो की बाजीगरी में माहिर है लेकिन धरातल पर कार्रवाई शून्य रहती है, इसी का नतीजा है कि जिले भर में इन दिनों तेजी से अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है। खनन माफिया इस तरीके से सक्रिय और पहुंच वाले है कि जेसीबी में ही पुलिस का लोगो लगाकर खनन करने से बाज नही आ रहे है। फिलहाल इस मामले में सम्बन्धित विभागों ने कार्रवाई की है। जिले के जगतपुर, खीरों, ऊंचाहार, सलोन हरचंदपुर, भदोखर सहित कई थाना क्षेत्रों में खनन का कारोबार तेजी से फैला है। जिस पर पुलिस की भी कोई नजर नही जाती है।

> हमारे पास खनन के परमीशन के लिए लोग आते हैं। मानकों की जांच पड़ताल कर उन्हें परमीशन दिया जाता है। कही भी मानकों के विपरीत खनन होता पाया जाता है, तो कार्रवाई भी कराई जाती है।
>
> -उमाकांत, खनन अधिकारी रायबरेली

> एक्सप्रेस वे निर्माण में लगे डंपरों में ओवरलोडिंग की शिकायतें आती है। मेरे द्वारा लगातार अलग-अलग जगहों पर चेकिंग की जाती है, और जहां गड़बड़ी मिलती है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। लगातार ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।
>
> -मनोज सिंह, एआरटीओ परिवर्तन रायबरेली।

ऊंचाहार में जनसमूह ने किया योगाभ्यास

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। एनटीपीसी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया। प्रशिक्षक मनीष कुमार श्रीवास्तव ने योगाभ्यास एवं विभिन्न प्राणायामों को करवाया। साथ ही इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरुक किया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने दैनिक योगाभ्यास के महत्व पर जोर देते हुए सभी कर्मचारियों को कुछ समय निकालकर नियमित योगाभ्यास तथा प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करने की अपील की। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार अपने कर्मचारियों के कल्याण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

रंजिश में सगे भाइयों पर हमला, एक की मौत

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

संवाददाता, डीह, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो सगे भाइयों पर लाठी डंडों से हमला हुआ है। हमले में एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है।

मामला डीह थाना क्षेत्र के पूरे पृथी मजरे रोखा गांव का है। यहां के रहने वाले 26 वर्षीय मोहम्मद समीर व 40 वर्षीय खुर्शीद टेकारी दादूपुर से अपनी दुकान बंद करके गांव लौट रहे थे। उसी दौरान थोड़ी दूर पर एक पुलिया के पास घात लगाकर बैठे चार हमलावरों ने बाइक से जा रहे दोनों भाइयों को रोका और लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिसमें दोनों भाई जख्मी हालत में वहीं गिर गए। किसी तरह सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे तो खुर्शीद बेहोश था, जबकि समीर दर्द से कराह रहा था। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल भागे, जहां डाक्टरों ने खुर्शीद को मृत घोषित कर दिया। जबकि समीर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पूर्व गांव में खड़ंजा में पाइप डालने को लेकर हमलावरों के बीच झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश में हमलावर जिब्राइल, सऊद व अली जान आदि ने दोनों को इतना मारा की खुर्शीद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि समीर की हालत गंभीर है। परिजनों का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने इस दौरान फायरिंग भी की जिससे निकली गोली खुर्शीद के मौत का कारण बनी है।

अस्पताल में भर्ती घायल समीर। अमृत विचार

> मृतक के शरीर पर गोली के जाहिरा निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होगी। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।
>
> -वंदना सिंह, सीओ, सलोन

धोखे से लिखा ली किसान की पूरी जमीन नहीं दिया पैसा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बच्चे के इलाज के लिए किसान डेढ़ विश्वा जमीन बेचना चाहता था, किंतु धोखे से उसकी पूरी जमीन का बैनामा करवा लिया गया और उसे पैसे भी नहीं दिए गए। किसान को बाद में जब हकीकत पता चली तो उसने मामले की शिकायत की हैं।

क्षेत्र के गांव बरगदही मजरे ऊंचाहार देहात निवासी लालचंद का कहना है कि उसके बेटे की तबियत काफी खराब है जिसके इलाज के लिए वह अपनी डेढ़ विश्वा जमीन का सौदा दो लोगों के माध्यम से तीन लाख चालीस हजार रुपए में तय किया था। उसे तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में लेजाकर बैनामा कराया गया।

किंतु अभी तक उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अब उसे पता चला कि डेढ़ विश्वा जमीन के स्थान पर उसकी अन्य सारी जमीन का बैनामा करा लिया गया है। इसकी जानकारी मिलने पर किसान ने कोतवाली समेत अन्य अधिकारियों से मामले की शिकायत की है।

नीट पेपर लीक : कांग्रेसियों ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

डीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। नीट पेपर लीक के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार अनियमता और भ्रष्टाचार से युवाओं का जीवन अंधकारमय होता जा रहा है। जिससे देश का नौजवान चिंतित है, नीट 2024 का जो परिणाम घोषित हुए उसमें तमाम खामिया दिखाई दे रही है। कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिये संकल्पित है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम, फिरोज अहमद खान, सुशील पासी, अतुल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन शत्रोहन लाल सोनकर, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन मो. इलियास, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, शिवानंद मौर्या, जेपी त्रिपाठी, घनश्याम शुक्ला, सुमित्रा रावत आदि उपस्थित रहे।

आप ने भी किया प्रदर्शन : नीट, नेट व पुलिस परीक्षा के परिणाम में हुये भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा है। प्रदर्शन करने वालों में राम मोहन श्रीवास्तव (रामू दादा) व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

दो दिन पूर्व डूबे युवक का नहर में मिला शव

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। दो दिन पहले शारदा नहर में डूबे युवक का शव बछरावां कस्बे के निकट शुक्रवार को बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हिलौली जनपद उन्नाव के रहने वाले 11 दोस्त कसरावां के पास शारदा नहर में गुरुवार को नहा रहे थे। अचानक इसमें अहमद हसन (22) पुत्र मेहंदी हसन नहाते समय डूब गया था। पुलिस व गोताखोरों द्वारा काफी देर तक खोजबीन की गई, पर कहीं भी अता-पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार की सुबह बछरावां कस्बे के निकट शारदा नहर में उसका शव उतराता मिला। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

वकीलों का एसडीएम के खिलाफ फूटा गुस्सा, की नारेबाजी

विधायक का नाम मिटाकर एसडीएम पर एसी लगाने का आरोप

संवाददाता, सलोन

रायबरेली, अमृत विचार। सलोन तहसील के अधिवक्ताओं और एसडीएम सलोन के बीच तनातनी शुरू हो गई है। अधिवक्ता अरुण कुमार के पिता के निधन पर एसडीएम द्वारा कोर्ट चलाने से नाराज बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया है।

साथ ही वादकारियों के लिए विधायक की तरफ से दी गई एसी को एसडीएम द्वारा अपने चैम्बर में लगाने का आरोप लगाते हुये अधिवक्ताओ ने मुर्दाबाद के नारे के साथ जुबानी जंग शुरू कर दी है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव ने मीडिया को बताया कि अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह के पिता की मृत्यु हो जाने के बाद सर्वसम्मति से 20 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया था। उसकी एक प्रति समस्त न्यायालयों में आवश्यक कार्यवाही के लिये समयानुसार प्रेषित कर दी गयी थी। आरोप है कि उपजिलाधिकारी द्वारा तानाशाही पूर्व ढंग से मुकदमों की पुकार शुरू करा दी गयी। अध्यक्ष, महामन्त्री और अन्य अधिवक्ताओं द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद भी उनकी बात को अनसुना कर असंवैधानिक तरीके से कोर्ट चलाया गया, जो नियम विरुद्ध था। लालता प्रसाद ने आगे बताया कि विधायक अशोक कोरी द्वारा अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिये कोर्ट रूम में एसी लगवाई गई थी। एसी में विधायक का नाम लिखा हुआ था। एसडीएम ने एसी से विधायक का नाम मिटवा दिया। इसके बाद उक्त एसी को उपजिलाधिकारी ने अपने चेम्बर में लगवा लिया है। आरोप है कि रियल टाइम खतौनी के गलत प्रदर्शित अंश के संशोधन पर भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नही रिसीव किया।

एसडीएम कोर्ट के बाहर नारेबाजी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अपने निजी कोष से दी हैं दो एसी : अशोक

विधायक अशोक कोरी ने दूरभाष पर बताया कि सलोन तहसील को दो एसी अपने निजी कोष से दी थी। भीषण गर्मी को देखते हुए वादकारियों को शीतलता प्रदान करने के लिए तहसीलदार और एसडीएम न्यायालय में एसी लगवाई गई थी। अगर एसडीएम ने अपने चैम्बर में एसी लगवा ली है तो ये पूरी तरह से गलत है।

सीएचसी अधीक्षक के प्रयास से मरीजों को मिल रही है बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

संवाददाता, सरेनी

रायबरेली, अमृत विचार। भयावह गर्मी होने से आये दिन लू से लेकर डायरिया तक लोगो को हो रहा है। ऐसे में देहात क्षेत्र में इलाज में बड़ी परेशानिया आम जनता को झेलनी पड़ रही हैं।

अगर आप झोलाछाप डॉक्टरों के जाल में फंसे तो पैसे के साथ जान जोखिम में भी पड़ने की संभावना हो जाती है। ऐसे में लोग अपने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरेनी में ही इलाज करवाना उचित समझ रहे है जिस कारण आज कल सीएचसी सरेनी में मरीजो का तांता लगा रहता है। सही इलाज व मरीजो को अच्छे तरीके से संभालने की कला अधीक्षक डॉ अमन पटेल में है जितनी भी डॉ अमन पटेल की तारीफ की जाय वो कम है। डा पटेल आज कल दिन रात मरीजो की सेवा कर रहे हैं। बहुत कम मामले जिले को रेफर किये जा रहे है। डॉ अमन पटेल की कार्यशैली की क्षेत्र में हमेशा चर्चा रहती है।

चिकित्सा अधीक्षक अमन पटेल।

डॉ. अमन पटेल ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम तो सेवा के लिए ही यहां है। चौबीस घंटे इलाज के लिए आम जनता के लिए उपलब्ध हूं।

डॉ. पटेल ने बताया कि हमारे सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की मेडिसिन उपलब्ध है। मरीजो की सुविधा के लिए अतिरिक्त बेड भी तैयार किये गए है जिससे इलाज में किसी प्रकार की कोई असुविधा किसी मरीज को न हो।

गाड़ी पर लदा प्रतिबंधित चमड़ा देख ग्रामीणों ने किया हंगामा

आक्रोशित ग्रामीणों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जगतपुर-डलमऊ संपर्क मार्ग पर रामनगर प्लांट के पास गोवंश के चमड़े से लदी एक मेटाडोर मिली ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शुक्रवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगतपुर-डलमऊ संपर्क मार्ग पर रामनगर के पास एक मेटाडोर पर गोवंश के चमड़े से लदी हुई गाड़ी खराब हो गई और सड़क पर खड़ी हो गई तथा गाड़ी से गंध रही थी जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण वहां हंगामा करने लगे, लेकिन किसी तरीके से मामले को शांत कराया गया और उसके बाद पुलिस ने मौके पर गाड़ी की छानबीन की तो सिर्फ गोवंश के चमड़े मिले। वही मौके पर पहुंचे सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि एक गाड़ी से व्यवसायी द्वारा जानवरों के चमड़े कानपुर ले जाया जा रहा था रास्ते में गाड़ी खराब हो गई थी उसे पर सिर्फ चमड़े हैं और कुछ नहीं।

बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank

कब्जा सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

कब्जा सूचना (नियम 8(2) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु

जबकि अधोहस्ताक्षरी जोकि **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था। जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों/जमानतकर्ता को दी गई थी। ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम (8) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों/उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों/जमानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशेष रूप से व जनसाधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज/खर्चों के अधीन होगा।

खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक)	प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी	(अ)मांग सूचना की तिथि / (ब)मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि / (स)सांकेतिक कब्जा की तिथि / (द) मांग सूचना के दिन तक बकाया शेषराशि
शाखा-अयोध्या		
उधारकर्ता–मैसर्स उपाध्याय इलेक्ट्रिक मोटर वर्क्स, जमुनियाबाग, राजकरन स्कूल के पास, अयोध्या–224001 **प्रोप्राइटर कौशल किशोर उपाध्याय** पुत्र दुखी राम उपाध्याय 06/13/61, बड़ा रमना, जमुनियाबाग, अयोध्या 224001 **जमानतकर्ता: (1) श्री राजेश कुमार मिश्र** पुत्र उमादत्त मिश्र, 734, अवधपुरी कॉलोनी, अमानीगंज, अयोध्या 224001 **(2) श्रीमती. रेखा उपाध्याय** पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय, 6/13/61, बड़ा रमना, जमुनिया बाग अयोध्या 224001 **(3) अमरीश कुमार श्रीवास्तव** पुत्र सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, 9/5/86/2, चक्रतीर्थ, अयोध्या 224001	प्लॉट नंबर–222, चक नंबर–8, मकान नंबर–6/13/57 नया, 6/13/48 पुराना, मुहल्ला–रमना, परगना– हवेली अवध, तह–सदर जिला–अयोध्या, विक्रय विलेख संख्या–3150/15, पुस्तक संख्या–1, जिल्द सं –5954, पृष्ठ संख्या–387–430 दिनांक 23.04.2015 द्वारा खरीदा गया, जोकि श्रीमती रेखा पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय के नाम पर है, क्षेत्रफल–149.70 वर्ग मीटर। **चौहद्दी (डीड के अनुसार):** पूर्व–नाली, पश्चिम–16 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर– मुन्नी लाल और रमेश चंद्र शर्मा का घर, दक्षिण–सुरेन्द्र प्रसाद महेन्द्रा का घर और हाता।	(अ) **18.03.2024** (ब) समाचार–पत्र में दिनांक 05.04.2024 को प्रकाशित (स) **18.06.2024** (द) रू. **10,29,789.00** दिनांक 11.01.2024 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्च

दिनांक–22.06.2024 स्थान–अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी–बड़ौदा यू.पी. बैंक

गठित टीम ने किसानों से मिलकर की धान की जांच

संवाददाता, शिवगढ़

रायबरेली, अमृत विचार। राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ से खरीदा गया धान का बीज अंकुरित ना होने पर किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से इसकी शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुये जिला कृषि अधिकारी ने जांच के लिये एक टीम गठित की। शुक्रवार को टीम ने शिवगढ़ पहुंचकर बीज में मौजूद नमी की जांच की एवं शिकायतकर्ता किसानों से मिलकर उनका दर्द जाना। विभिन्न किसानों से मिलने के बाद टीम इस निष्कर्ष पर पहुंची कि इस बार तापमान अधिक होने के कारण धान का बीज अधिक सूख गया, अंकुरण के लिए बीज के अन्दर पर्याप्त मात्रा में नमी रहनी चाहिए। पर्याप्त नमी के अभाव में बीज ने अपनी अंकुरण क्षमता खो दी जिसके चलते अंकुरण नहीं हो सका।

गौरतलब हो कि शिवगढ़ कस्बा स्थित राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ से भारी तादाद में किसानों ने धान का अनुदानित बीज खरीदा था। जिसके अंकुरित ना होने पर प्रगतिशील कृषक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम केतार पासी, राम प्रताप, जगजीवन सहित दर्जनों किसानों ने राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ प्रभारी शिवशंकर वर्मा से लिखित शिकायत करने के साथ ही जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार से शिकायत की थी।

उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने जिला कृषि अधिकारी को जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए थे। जिनके निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा केंद्रीय बीज भण्डार प्रभारी शिव सिंह, राजकीय बीज विधायन संयंत्र प्रभारी रजनीश कुमार मिश्रा, प्रक्षेत्र अधीक्षक रविशंकर कुमार, शिवगढ़ एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी, शिवगढ़ बीज भण्डार प्रभारी शिव शंकर वर्मा सहित पांच सदस्सीय टीम गठित गई। जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर शिवगढ़ पहुंची टीम ने धान के बीज में मौजूद नमी की जांच की। इसके साथ ही शिकायतकर्ता प्रगतिशील कृषक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम केतार पासी, संतराम, रामऔतार, बसंतलाल, पवन कुमार आदि किसानों से मिलकर जाना कि इस बार बीज के अंकुरण में क्या समस्या आई है। गठित टीम ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी बात वे कृषि विभाग के उच्चधिकारियों तक पहुंचाएंगे। केंद्रीय बीज भण्डार प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि भेजे गए बीच में कोई कमी नहीं थी तापमान अधिक बढ़ने के कारण धान का बीज अधिक सूख गया। बीज के अंकुरण के लिए जो पर्याप्त मात्रा में नमी होनी चाहिए उसमें कमी आ गई जिसके चलते बीज का अंकुरण नहीं हो सका। इस मौके पर महराजगंज बीटीएम कृपाशंकर, जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी आदि लोग मौजूद रहे।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा गठित टीम ने जाना किसानों का दर्द। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद, रायबरेली

पंत्राक: 122 /अधि0अधि0न0प0स0 / निर्माण – (ईओ) निविदा / 2023–24 दिनांक: 21/06/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग / पंचायत निधि के अन्तर्गत नाला सफाई कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें नगर पंचायत के टी 4 व टी 5 युक्त पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28–6–2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक अमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 03. 30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत सलोन रायबरेली में खोली जायेगी। टी4 व टी5 मूलरूप से प्रस्तुत करते हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 27–6–2024 तक उनका मूल्य जमाकर कार्यालय नगर पंचायत सलोन रायबरेली से प्राप्त किए जा सकते है, जो कि विक्रय के पश्चात् वापस नहीं होंगे। धरोहर धनराशि रहित निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/टी0डी0आर के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सलोन, रायबरेली के नाम बंधक हो, मान्य होगी। अन्य रूप में धरोहर धनराशि मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा । निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् अवशेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कर एग्रीमेन्ट तहरीर करके कार्य निश्चित रूप से प्रारम्भ करना होगा, अन्यथा अग्रिम जमा जमानत धनराशि जब्त करके अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। कार्य व नियम शर्तो आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत सलोन से प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आंगणन धनराशि (GST सहित)	अग्रिम जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	नगर पंचायत सलोन में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग में मानिकपुर रोड़ मोड़ से ब्लाक आफिस तक दाहिने साइड की पटरी पर बने नाला की सिल्ट सफाई का कार्य ।	420000.00	7200.00	500.00	01 सप्ताह
2	नगर पंचायत सलोन में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग में मानिकपुर रोड मोड से ब्लाक आफिस तक बांये साइड की पटरी पर बने नाला की सिल्ट सफाई का कार्य ।	390000.00	6700.00	400.00	01 सप्ताह

अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सलोन रायबरेली

अध्यक्ष नगर पंचायत सलोन रायबरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना ललिया, जनपद बलरामपुर में सीज शुदा 06 दो पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक– 30/06/2024 को समय 10.00 बजे से थाना ललिया, जनपद बलरामपुर परिसर में नायब तहसीलदार बलरामपुर की उपस्थिति में होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना ललिया परिसर मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अग्रिम धनराशि 5000/– रूपये जमा करना होगा।

प्रभारी निरीक्षक ललिया, जनपद– बलरामपुर

सूचना

सूचित हो कि मैं मानस प्रभा सिंह पुत्री राजकुमार सिंह, निवासिनी–ग्राम व पोस्ट दुधवन, थाना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली पिनकोड– 229215, मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मानस प्रभा सिह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH शुद्ध व सही अंकित है परन्तु त्रुटिवश एलआईसी पॉलिसी बाण्ड में मेरा घरेलू नाम हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH अंकित हो गया है। यहकि मेरा मानस प्रभा सिंह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH SINGH व हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH दोनो नाम एक ही महिला के है अर्थात् मेरे है मैं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल–चलन अच्छा न होने के कारण संबंद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक–अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी–जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।

सूचना

सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मोद्द पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शहनाज खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानों अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शहनाज खातून व शाहीन बानों दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

NOTICE

I have lost my Ansal Akansha flat property papers like original builder buyer agreement, payment receipts and etc. Sunder Lal Agarwal S/o Mr. PC Agarwal, A 106 South City Raebareily Road Lucknow Ph: 9415007261

सूचना

सूचित हो कि मेरा आधार कार्ड पर नाम उत्तम कुमार अंकित है। जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में उत्तम कुमार त्रिपाठी अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में भी उत्तम कुमार ही अंकित करें। **–उत्तम कुमार पुत्र राम सिहाते निवासी–ग्राम सिकंदरपुर बहराइच।**

NOTICE

I NIRMALA MISHRA W/O LATE SEP. JAGDISH DUTT MISHRA RESIDENCE 205 VISHNUPURI COLONY CIVIL LINE CITY AND DISTRICT GONDA U.P. DO HEREBY DECLARE THAT MY REAL NAME IS NIRMALA MISHRA NOT NIRMALA DEVI. I WISH TO BE KNOWN AS NIRMALA MISHRA.

सूचना

सूचित हो कि मैं **राधा गुप्ता पत्नी स्व0 राधा रमण गुप्ता, निवासी–ई–4888, राजाजीपुरम लखनऊ** की हूं मेरा पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता है। मैं अपने पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता से हैरान परेशान, मार–पीट व गाली गलौज व गलत संगत से दुखी हूँ। सामाजिक मान मर्यादाओं में ध्यान रखते हुए अपने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी व उसके बच्चे से समस्त सम्बन्धों को समाप्त करती हूँ। उनके द्वारा भविष्य में किये जाने वाले किसी भी आसमाजिक कृत्य में संलिप्त होने पर व किसी भी लेन–देन के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **–रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

सूचना

सूचित करना है कि निवास प्रमाण पत्र, खतौनी व बैंक खाते में मेरा नाम रेनू देवी पत्नी आत्माराम लिखा है जो सही है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शांती देवी अंकित है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम **रेनू देवी पत्नी आत्माराम निवासिनी अचलपुर तहसील तरबगंज थाना वजीरगंज जिला गोंडा** है

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या V 5309556 में नाम सोनू दर्ज है, जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड में अपना नाम SONU KUMAR अंकित करा लिया है। अब मुझे सोनू कुमार के नाम से ही जाना, है पहचाना जाता है। पासपोर्ट में सोनू कुमार अंकित किया जाए। **सोनू कुमार पुत्र रतिराम निवासी ग्राम व पोस्ट मरौचा तहसील पलिया कलां जिला लखीमपुर खीरी।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम SHIVAM TIWARI S/o JAGVIDIT TIWARI ये मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरे मार्कशीट में JAG VIDIT TIWARI जगह JAGAVIDIT TIWARI हो गया है जबकि JAGAVI DIT TIWARI व JAGVIDIT TIWARI एक ही है। **शिवम् तिवारी पुत्र जग विदित तिवारी नि. ग्राम दयालापुर जगदीशपुर तह. गौरीगंज जनपद अमेठी उ.प्र. 227409**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Rahul Sahi और Rahul Pratap Sahi & Rahul Pratap Shahi कुछ अभिलेखों में लिखा है। उपयुक्त नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे Rahul Pratap Shahi के नाम से जाना पहचाना जाए। प्रार्थी राहुल प्रताप शाही S/O रमेश प्रताप शाही R/O 46 उमा कॉलोनी, कमला नेहरू नगर अजमेर रोड जयपुर, एफिडेविट नंबर UP86632577227750 W

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बैंक खाता नंबर 11243 एसबीआइ बभनान जिला गोंडा में संचालित है जिसमें आधार नहीं लगा है। मेरा नाम वास्तविक नाम शिवपूजन यादव पुत्र राम कुमार यादव निवासी महराजगंज ग्रंट थाना खोडारे है जबकि बैंक खाता खुलवाते समय मेरा नाम राम प्रकाश यादव पुत्र राम कुमार है। राम प्रकाश यादव व शिवपूजन यादव एक ही व्यक्ति के नाम है, भविष्य में आधार कार्ड में दर्ज नाम शिवपूजन यादव के नाम से जाना पहचाना जाए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

भूमि विवाद में दबंगों ने पीटकर किया घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : ढिकुलिया गांव में भूमि विवाद में राम सुफल, दशरथ लाल, राम कैलाश और अंकित ने अपने घर के पास बैठे झब्बरलाल को लाठी-डंडों और गुम्मा से पीटकर सिर फोड़ दिया। परिजनों ने उपचार के लिए उसे सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को रामनगर पुलिस टीम ने सुल्तानपुर थाना क्षेत्र रामनगर निवासी सुहानी पुत्र कल्लू को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की गई।

चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रिवार को ग्राम बहादुरपुर थाना क्षेत्र सिधौली जिला सीतापुर, मास्टर बाग जौरौरा निवासी सरस्वती व फूल मती को कुर्सी पुलिस ने चोरी किए गए चांदी के लाकेट एक जोड़ चांदी का कंगन, व चार सौ रुपये बरामद किये।

तीन जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थानो पर जुआ खेलने पर सख्ती से कार्यवाही करने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कस्बा कोठी निवासी सगीर, अनवर, व जुबेर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने ताश की एक गड्डी व चार हजार सात सौ पचास रुपये बरामद किये।

योगासनों का अभ्यास कर लोगों ने निरोगी बनने का लिया संकल्प

राज्यमंत्री के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों व एनसीसी कैडेटों ने किया योग, शिक्षण संस्थानों समेत जेल में बंदियों ने भी किया योगाभ्यास

जीआसी ऑडिटोरियम में योग करते जलशक्ति विभाग के राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव वीना कुमारी व डीएम।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में योग करते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

जिला कारागार में योग करते कैदी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार की सुबह शहर से लेकर गांव तक लोगों ने योगाभ्यास कर निरोगी बनने का संकल्प लिया। मुख्य आयोजन शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ। यहां प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, सीडीओ अ. सुदन और जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया।

योग प्रशिक्षक सुशील कुमार अवस्थी ने योगासनों का अभ्यास करवाया। जिला जेल में योग प्रशिक्षक डॉ.एसपी पाठक ने बंदियों को योग कराया। पालिका सभागार में ईओ संजय शुक्ला समेत कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। कमला नेहरू पार्क, स्टेडियम में भी लोगों ने योग किया।

हिन्द मेडिकल कॉलेज सफेदाबाद में प्राचार्य डॉ. दीपक मालवीय के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। जनेस्मा व टीआरसी महाविद्यालय में भी योग शिविर का आयोजन किया गया।

फतेहपुर कस्बे के एक स्कूल में योग करते नौनिहाल। अमृत विचार

दरियाबाद के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में योगाभ्यास करते शिक्षक व बच्चे।

सुबेहा थाना परिसर में योग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

ग्रामीण अंचलों में भी दिखा उत्साह

कोठी क्षेत्र के कैसरगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, बीईओ सिद्धौर ने योगाभ्यास किया। सुबेहा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक सिद्धौर परिसर में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, बीडीओ पूजा सिंह ने योगाभ्यास किया। नपं सुबेहा के कार्यालय परिसर में लिपिक सतीश श्रीवास्तव के नेतृत्व में, दरियाबाद के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राकेश कुमार की अगुवाई में योग किया गया। रामसनेहीघाट के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुमेरगंज और ब्लॉक बनीकोडर के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। रामनगर तहसील मुख्यालय व थाना, पीजी कॉलेज, यूनियन इंटर कॉलेज, नगर पंचायत टिकैतनगर के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। फतेहपुर में विधायक साकेंद्र वर्मा ने भगौली रेगुलेटर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ योगाभ्यास किया।

अभाविप का प्रांतीय अभ्यास वर्ग शुरू

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : विद्यार्थियों को कार्यपद्धति एवं व्यवहार से रूबरू कराने के उद्देश्य से बाराबंकी-अयोध्या हाईवे स्थित सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज में शुक्रवार की शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग शुरू हो गया। इसमें अवध क्षेत्र के 13 जिलों से 300 प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर अभ्यास वर्ग का उद्घाटन किया। प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह ने अभ्यास वर्ग हेतु प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.राजशरण शाही ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रनिर्माण में लगने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजन, मिशन व एक्शन का मंत्र दिया। राष्ट्रवाद का पाठ भी पढ़ाया। जीवन में अनुशासन की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को अभ्यास वर्ग में एक होने का भाव रखने का संकल्प दिलाया। अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान व क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही भी प्रवास करेंगे। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मौजूद थे।

अभ्यास वर्ग की शुरुआत करते अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही।

जुआ खेलने से रोकने पर दिया तीन तलाक

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार : पत्नी ने जुआ खेलने से शौहर को रोका तो गुस्साये शौहर ने पहले चप्पल से पीटा। इसके बाद तीन तलाक दे दिया। परेशान आठ बच्चों की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामला थाना रामनगर के ग्राम गुरुबक्स गंज का है। नूरजहां पत्नी मो. शमीम ने रामनगर थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जुआ खेलने मना करने पर नाराज उसके पति ने गत 13 जून को उसकी लात-घूंसों व चप्पल से पिटाई की इसके बाद तीन तलाक दे दिया। महिला का कहना है कि उसके आठ बच्चे हैं। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने चौकी इंचार्ज महादेवा को जांच सौंपी है।

20 हजार का इनामी सीतापुर का शातिर बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पुलिस ने 20 हजार के इनामी बदमाश सीतापुर के थाना क्षेत्र महमूदाबाद के मोहल्ला बेहटा छावनी निवासी नरेन्द्र लोनिया को शुक्रवार को ग्राम निजामपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तीन सोने के लॉकेट, एक अंगूठी, चार नाक की कील, तीन बाली और एक जोड़ी कान की लटकन सहित लाखों के जेवर बरामद किये गए। एक लेडीज पर्स व एक तमंचा-कारतूस भी उसके पास मिला।

पूछताछ में पता चला कि शातिर बदमाश नरेंद्र लोनिया का एक गिरोह है। उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ बड्डूपुर क्षेत्र स्थित ज्वैलरी की दुकान बन्द करके बाइक से अपने घर जा रहे मनोज उर्फ नरेंद्र को बीती 29 जनवरी को डफरपुर चौराहे के पास गिरा दिया और मारपीट कर जेवरात से भरा बैग छीन लिया था। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों कल्लन ऊर्फ विजय पाल व झबरा ऊर्फ आनंद मौर्या को गिरफ्तार कर लिया था। इसी कड़ी में सफदरगंज पुलिस ने 20 हजार के इनामी तीसरे आरोपी ओम प्रकाश रावत उर्फ ओपी को 14 जून को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि सराफ लूट कांड में प्रयुक्त बाइक लखनऊ से चोरी की गयी थी और फर्जी नम्बर प्लेट लगायी थी।

सार-संक्षेप

एएसपी ने किया मीटिंग कक्ष का लोकार्पण

नवनिर्मित मीटिंग हॉल का लोकार्पण करते एएसपी। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : कोतवाली बदोसरांय में अपर पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित मीटिंग कक्ष का लोकार्पण किया। गुरुवार की रात करीब आठ बजे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कोतवाली परिसर में बने सभाकक्ष (मीटिंग हाल) का लोकार्पण किया। इस मौके क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक, कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव, थानाध्यक्ष रामनगर, थानाध्यक्ष मसौली, उपनिरीक्षक लालता प्रसाद, लक्ष्मीकांत तिवारी, सन्दीप कुमार, सुशील कुमार, तिवारी विनय कुमार, विपिन पांडेय आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : बलरामपुर फाउण्डेशन द्वारा अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत जनमानस को शीतल जल उपलब्ध कराने की दिशा में बांदा-बहराइच स्टेट हाईवे पर स्थित चीनी मिल हैदरगढ़ के मुख्य द्वार पर एक वाटर कूलर की स्थापना की गई। एसडीएम अनुराग सिंह ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में चीनी मिल हैदरगढ़ के मुख्य महाप्रबन्धक बीके यादव, अजय श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक-इंजीनियनिरिंग, डॉ. प्रताप सिंह, मुख्य वैज्ञानिक (टीशू कल्चर), गिरिजेश लाल श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक-वाणिज्य, धर्मेश मेहरोत्रा, उप महाप्रबन्धक-गन्ना व अन्य अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सरकारी भूमि में लगे नौ पेड़ काटे

मौके पर जांच करती राजस्व टीम। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम कटका में ग्राम पंचायत के रास्ते के खाते में दर्ज सरकारी भूमि में लगे लाखों के यूकेलिप्टस के नौ पेड़ कटका गांव के वकार अहमद आदि ने कटवा लिये। ग्राम प्रधान सुहैल अहमद ने एसडीएम आनन्द तिवारी से इसकी शिकायत की। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल को मौके पर भेज कर रिपोर्ट मांगी। एसडीएम ने बताया है कि कटका गांव के रास्ते के खाते में दर्ज है। जिसमे कुल 13 यूकेलिप्टस के पेड़ लगे थे जिसमें 9 पेड़ उसी गांव के वकार शाह, जलालुद्दीन आदि ने कटवाये हैं। लेखपाल व वन दरोगा को मौके पर भेज कर जांच करवाई जा रही है। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

कल्याणी नदी में मिला महिला का शव

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैंगुवा के निकट कल्याणी नदी में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैंगुवा में स्थित कल्याणी नदी में मछुवारे जाल लगाकर मछली पड़ते थे। शुक्रवार को कल्याणी नदी में लगे जाल में एक 50 वर्षीय महिला का शव फसा हुआ मिला। ग्रामीणों के इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

मनरेगा कार्य बंद, मस्टररोल में श्रमिकों के नाम पंजीकृत

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : शरीफाबाद में मस्टर रोल पर 30 श्रमिकों के नाम पंजीकृत हैं। जबकि मौके पर कार्य बंद मिला है। शरीफाबाद ग्राम पंचायत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम का निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत से कराया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत से मनरेगा के श्रमिक लगाए गए हैं। शुक्रवार को मौके पर कार्य बंद रहा। मस्टर रोल 30 श्रमिकों के नाम का जारी किया दिखाया गया है। गांव के निवासी जेपी रावत का कहना है कि वह हरख ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी से मिलकर इसकी शिकायत करने गए थे। जहां उन्हें बताया गया कि बीडीओ अवकाश पर हैं। बंदगीपुर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर तालाब में खुदाई के लिए मस्टर रोल पर 21 श्रमिकों के नाम जारी किए गए हैं। जबकि मौके पर श्रमिकों की संख्या कम थी। वहीं लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत में भी मनरेगा के तहत खेल मैदान के निर्माण कार्य 21 श्रमिक दर्ज कर मस्टर रोल जारी किया गया हैं जबकी मौके पर काम बंद है। सीडीओ अ.सुदन ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। मामला सही मिला तो कार्रवाई होना तय है।

चोरी की साजिश रचते दो गिरफ्तार

बाराबंकी: अमृत विचार : चोरी की साजिश रचते दो शातिरों को पुलिस ने शुक्रवार को सुबेहा थाना क्षेत्र के रतौली अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। शिवकुमार उर्फ ननकऊ व भटगंवा निवासी दुर्गाप्रसाद उर्फ छोटकऊ गिरोह चलाते थे शिवकुमार पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में करीब एक दर्जन व दुर्गा प्रसाद ऊर्फ छोटकऊ पर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। सुबेहा थाना क्षेत्र में इन दोनों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया था। एएसपी दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ हर्षित चौहान के नेतृत्व में सुबेहा थाने के प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने दोनों को रतौली अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पैमाइश कर दिलाया भूमि पर कब्जा

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर में करीब 50 वर्षों से चले आ रहे भूमि विवाद की पैमाइश कर कब्जा दिलाया। इस दौरान एसडीएम आर. जगत साईं की मौजूदगी में कई थानों की पुलिस बल के साथ रैपिड रिस्पांस फोर्स भी मौके पर मुस्तैद रही।

तहसील फतेहपुर के मोहम्मदपुर गांव में सुंदरलाल, छोटेलाल, हरिलाल, श्यामलाल व सुरेश की पुश्तैनी जमीन है जिस पर पट्टीदार प्यारेलाल, देशराज, श्रीपाल, राम आधार आदि भी अपना हक जता रहे थे। जिसका मुकदमा 1975 से चल रहा था। 2016 में जब प्यारेलाल, देशराज व अन्य लोगों ने उक्त भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की, तो सुंदरलाल का पक्ष कोर्ट से स्टे ले आया व भूमि पर से दोनों पक्षो के कब्जा खत्म हो गया। 2016 से इस भूमि पर मुकदमा चल रहा था। सुंदरलाल पक्ष ने एक साल पहले सीओ स्तर से मुकदमा जीत लिया था। तब से जमीन पर कब्जेदारी की कोशिश कर रहे थे। करीब एक महीने पहले सुंदरलाल के पक्ष ने ज़िलाधिकारी से कब्जा दिलाने की गुहार लगाई। डीएम ने एसडीएम फतेहपुर को कब्जा दिलाने का आदेश दिया था। शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम आर. जगत साईं, राजस्व टीम व कई थानो की फोर्स ने कब्जा दिलाया।

पैमाइश के दौरान मौजूद पुलिस फोर्स। अमृत विचार

व्यवस्था | आईडी-पासवर्ड होंगे जारी, पंजीकृत नंबर पर आएगी ओटीपी

लेटरपैड पर नहीं, ऑनलाइन प्रस्ताव देंगे विधायक

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : विधायक निधि से होने वाले कार्यों में जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी। इसके लिए मुकम्मल व्यवस्था ग्राम्य विकास विभाग की ओर से की गई है। अब जिले के छह विधायक और दो एमएलसी अपने लेटर पैड पर विकास कार्यों का प्रस्ताव नहीं देंगे, बल्कि उन्हें अब पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्ताव देने होंगे। खास बात यह है कि आम जनमानस भी कार्यों की स्थिति जान सकेगा।

ग्राम्य विकास विभाग ने मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट (एमएलए एलएडीएस) पोर्टल बनाया है। इस पर विधायक विकास कार्यों की अनुशंसा यानी विकास कार्यों का प्रस्ताव देंगे। पोर्टल पर सही ढंग से कार्य करने के लिए जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के मंशाराम समेत कई अन्य संबंधित कर्मचारी जवाहर भवन लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

विधायक अपनी लॉगिन से करेंगे यह कार्य

जिले में आठ विधायक हैं। इन्हे लॉगिन आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे वह अपने प्रस्ताव को लोड करेंगे। इसी तरह वह प्रस्ताव में इंगित कार्यों को अपलोड करना, आगणित लागत पर सहमति देना, अपने प्रस्ताव को वापस लेना, कार्यों पर सुझाव, फीडबैक, शिकायत अपलोड करने और अपने प्रस्तावित कार्यों की स्थिति की रिपोर्ट देखने का कार्य करेंगे। इसी प्रकार ग्राम्य विकास अभिकरण की ओर से प्रस्तावित कार्यों पर कार्यदायी संस्था का चयन करने, आगणित लागत को विधायक के पास सहमति के लिए भेजना, सहमति के बाद उसे तकनीकी निरीक्षण कराकर प्रशासनिक स्वीकृति और आदेश अपलोड करना व कार्यदायी संस्था की ओर से प्राप्त दूसरी किस्त के प्रस्ताव पर तकनीकी मुआयना कराकर किस्त का आवंटन किया जाएगा।

> विधायकों के प्रस्ताव अब ऑनलाइन एमएलए एलएडीएस पोर्टल के माध्यम से लिए जाएंगे। इसके लिए कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। माननीयों को आईडी लॉगिन व पासवर्ड दिए जाएंगे। आगे जैसे निर्देश होगा उसका अनुपालन कराया जाएगा। **-मनीष कुमार**, पीडी, डीआरडीए

गांव में गंदगी, कागजों पर चल रहा सफाई अभियान

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड हरख के पारा डिपो ग्राम पंचायत के मजरे रसूलपुर में अम्बेडकर पार्क के निकट कूड़े से नालियां पटी हैं। पार्क झाड़ियों में तब्दील हो गया है। नालियां चोक होने से मकानों से निकलने वाला गन्दा पानी सड़कों पर बह रहा है। जबकि इस समय विशेष स्वच्छता अभियान चल रहा है और कागजों में ही गांव चमक रहा है।

सफाई कर्मी कई माह से नहीं आ रहा है। बांके रावत, ललऊ, देशराज कनौजिया के मकान के पास भी नाली कूड़े से पटी है। हरख ब्लॉक के करीब 6 सफाई कर्मी हरख ब्लाक में बाबू बने बैठे हैं। जिस कारण गांवों की भी सफाई व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले का कहना है कि गांवों में सफाई कराई जाएगी। ब्लाक कार्यालय में जमे सफाई कर्मी गांव भेजे जाएंगे।

गांव में कूड़े से पटी नाली।

एक नजर

47 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने 47 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही की। जबकि 16 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

डंपर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, दो घायल

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : मिट्टी खनन में लगे एक डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया जिसमे दो लोग घायल हो गए हैं। सतरिख थाना क्षेत्र के घौसाबाद गांव में एक खनन माफिया के द्वारा मिट्टी का खनन डंपरों से कराया जा रहा है। मिट्टी का खनन मानक को दरकिनार कर भोर से ही देर रात तक किया जा रहा है। रात में मिट्टी लदा डंफर बाराबंकी को जा रहा था। तभी सतरिख-चिनहट मार्ग पर एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। जिसमे दो लोग घायल हो गए। जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया।

नहर कटने से मेंथा की फसल डूबी

जैदपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : जैदपुर थाना क्षेत्र के मीनापुर व रहमान गंज के पास रात में अचानक दो जगह से नहर कट जाने से किसानों के खेतों में लगी मेंथा की फसल डूब गई। किसान जब सुबह उठे तो नहर कटने की जानकारी होने पर सींचपाल को सूचना दी। सींचपाल द्वारा नहर में जल प्रवाह को बंद करवा दिया गया लेकिन तब तक मीनापुर गुलरिहा उसरी के कई किसानों के खेतों में लगी मेंथा की फसल जलमग्न हो गई थी। पानी गुलरिहा से खेतों से होते हुए गोठिया के नाले में आ गया था। वहीं नहर कटने के किसान काफी परेशान हैं। उनका कहना है कि मेंथा की पेराई करनी थी। ऐसे में फसल पानी में बर्बाद हो जाएगी। इस संबंध में सींचपाल ज्ञान चंद्र ने बताया कि नहर बंधवाई जा रही है।

दो दिनों में दिखे 467 सारस

बाराबंकी : अमृत विचार : जिले के वन प्रभाग के देवा, रामनगर, फतेहपुर, बाराबंकी, हैदरगढ़, रामसनेहीघाट और हरख रेंज के वन कर्मियों द्वारा कुल 49 स्थलों पर गुरुवार और शुक्रवार को ग्रीष्म कालीन सारस गणना कार्य किया गया। गुरुवार को कुल 210 सारस एवं शुक्रवार को कुल 257 सारस दिखायी पड़े।

आज से तोड़े जाएंगे जमुरिया नाले की जमीन पर बने 43 मकान

मकान खाली कराकर परिवारों को कांशीराम आवास किये गये आवंटित

कार्यालय स्वाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जमुरिया नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गये 43 मकान शनिवार से तोड़े जाएंगे। इन घरों को खाली करा लिया गया है। इन 43 मकान के परिवारों को कांशीराम कॉलोनी में आवास आवंटित कर दिये गए हैं। इसके अलावा करीब डेढ़ सौ मकान ऐसे हैं, जो आंशिक रूप से नाले की जमीन पर हैं। लेखपालों ने नाप करके उन मकानों पर लाल निशान लगा दिये हैं। चार स्थानों पर पोकलैंड मशीनों से जमुरिया नाले की सफाई हो रही है। शुक्रवार को एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ जगतराम कनौजिया और ईओ संजय कुमार शुक्ला ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। किसी भी विवाद से निपटने के लिए एसपी दिनेश कुमार सिंह ने गैर जनपदों से भारी फोर्स गुरुवार से ही बुलाकर तैनात कर दी है।

मौके पर मुस्तैद आरआरएफ व पुलिस के जवान। अमृत विचार

25 मीटर में बहेगा जमुरिया

कुल 25 मीटर चौड़ाई में जमुरिया नाले का पानी बहेगा। जमुरिया नाले के बीचो-बीच से दोनों और साढ़े बारह मीटर की परिधि में नाले की सफाई के साथ ही इस हद में आने वाले सभी तरह के निर्माण ढहाए जाने हैं।

शहर में चार स्थानों पर जमुरिया नाले की सफाई का काम तेजी से चल रहा है। बारिश से पहले सारा काम पूरा कराने की कोशिश है। अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये गये हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी चल रही है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
-सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

कांशीराम कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे 44 लोगों से आवास खाली कराये गए हैं। कोई किराये पर रह रहा था, तो कोई बिना आवंटन पत्र के। कुछ लोगों ने अपने आवास बेच दिये थे। ये आवास खाली करवाकर जमुरिया नाले की जद में आने वाले लोगों को आवंटित कर दिए गए हैं।
-सौरभ त्रिपाठी, पीओ डूडा,

पंप खराब होने से जल आपूर्ति ठप

देवा, बाराबंकी: अमृत विचार: नगर पंचायत देवा में पेयजल आपूर्ति करने वाले पंप खराब होने के कारण कस्बे की जल आपूर्ति ठप है। कस्बा वासी एक एक बूंद पानी के लिए परेशान हैं। करीब 40 घंटे से कस्बा वासी पानी के लिए बेहाल हैं। वहीं नगर पंचायत प्रशासन जल्द ही पंप सही कराने का बात कर रहा है।

आदर्श नगर पंचायत देवा में दो वाटर पंप बोरिंग के जरिए समूचे नगर पंचायत में जलापूर्ति की जाती है। मजार रोड स्थित किले पर निर्मित पंप नंबर 1 की बोरिंग फेल हो जाने के कारण करीब एक माह से यह पंप बंद कर दिया गया है और दो नंबर पंप से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। जिससे बहुत ही धीमी रफ्तार में लोगों के घर पानी पहुंच रहा था। लेकिन गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे पंप नंबर 2 का मोटर जल जाने के कारण पानी की आपूर्ति बंद हो गई। जिसके बाद कस्बे के अधिकांश वार्डों में लोगो को पानी की दिक्कत हो रही है। भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग परेशान हैं। इस संबंध में नगर पंचायत देवा के अध्यक्ष हारून वारसी ने बताया कि नगर पंचायत की टीम मोटर ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है।

नवाबगंज रजबहा में पानी छोड़े जाने से किसानों में दौड़ी खुशी की लहर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जिले के नवाबगंज रजबहा सहित छोटी बड़ी नहरों में पानी छोड़ा गया। नहरो में पानी देख किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसान धान की नर्सरी करने में लग गए।

जिले की सबसे लंबी नहर नवाबगंज रजबहा की लंबाई लगभग 60 किलोमीटर से अधिक है। जिसमें हरख, सतरिख, बरौली मलिक, अजौवा, सेठमऊ, इब्राहिमाबाद और सादुल्लापुर सहित कई दर्जनों छोटी बड़ी अल्पिकाएं जुड़ी हुई है। इस नहर पर मोहना, उधवापुर, दारावपुर, लालपुर, बरौली, सैदहा, शंभू सराय, भानमऊ, आदमपुर, भटपुरा, मुबारकपुर, कस्बा, नया पुरवा, सुहावा, चांदूपुर, नियामतपुर, शिवाला का पुरवा और उस्मानपुर सहित सैकड़ों गांवों के किसान निर्भर हैं। किसानों का कहना है कि जून के पहले सप्ताह से नहर का इंतजार हो रहा था। पानी न आने से धान की बेरन में भी देरी हो रही थी। अब नहर में पानी छोड़े जाने से किसानों के मन में खुशी जागृत हुई है। किसान सिंचाई से लेकर धान नर्सरी करने में लग गए हैं।

नवाबगंज रजबहा में छोड़ा गया पानी। अमृत विचार

उपभोक्ताओं के लिए वरदान पीएम सूर्य घर योजना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) पीएम सूर्य घर योजना के तहत जनपद में 15 हजार घरों में सोलर पैनल लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके माध्यम से लोगों का मुक्त बिजली का सपना पूरा हो सकेगा। शहर के लोगों को इस योजना से जोड़ने के लिए यूपीनेडा ने अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक एवं बैंकर्स व यूपी नेडा के वेंडर्स के साथ डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को बैठक की। जिसमें बताया गया कि लाभार्थियों को बैंक से कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए पंजीकरण की सुविधा जन समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध है।

बैठक में नेडा के परियोजना अधिकारी टीकाराम ने बताया कि आवासीय भवनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी निर्धारित की गई है। यह सब्सिडी केंद्र और राज्य सरकार दोनों की ओर से दी जाएगी। ऐसे में सोलर पैनल की बड़ी लागत सब्सिडी से ही कवर हो जाएगी। जिले में 2 से 10 किलो वाट क्षमता के लगभग 45 हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं। जिनका विद्युत बिल 2000 से लेकर 4000 प्रति माह तक आता है। उनके लिए यह योजना वरदान साबित होगी। क्योंकि संयंत्र की स्थापना की लागत लगभग तीन से चार वर्षो में निकल आती है।

फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन छह टीमों ने खेले मैच

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे जूनियर बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन 6 टीमों के बीच मैच खेला गया। जिसमें सुबह के समय पहला मुकाबला प्रयागराज मंडल बनाम बरेली मंडल के बीच खेला गया इस मैच में प्रयागराज मंडल ने यह मुकाबला 1-0 से जीत लिया। दूसरा मैच आगरा मंडल बनाम मुरादाबाद मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में आगरा मंडल ने यह मुकाबला 10-0 से जीत लिया। तीसरा मैच विंध्याचल मंडल बनाम सहारनपुर मंडल के मध्य खेला गया। इस मैच में विंध्याचल मंडल ने 5- 1 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस मैच में विंध्याचल मंडल की खिलाड़ी निकिता ने एक गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। दूसरा हाफ शुरू होते ही विंध्याचल मंडल की टीम की खिलाड़ी नेहा कुमारी ने तीन गोल करके अपनी टीम को 5-0- से विजय दिलाई। चौथा मुकाबला देवी पाटन मंडल बनाम आजमगढ़ के बीच खेला गया जिसमें आजमगढ़ मंडल ने यह मुकाबला 7 -0 से जीत लिया। तो वही शाम को दो मैच खेले गए। पांचवा मुकाबला अयोध्या मंडल बना मेरठ मंडल के बीच खेला गया जिसमें मेरठ मंडल ने यह मुकाबला 1 -0 से अपने पक्ष में कर जीत हासिल की। छठा मुकाबला बस्ती मंडल बनाम कानपुर मंडल के मध्य खेला गया। जिसमें बस्ती मंडल ने यह मुकाबला 7-0 से जीत लिया।

ग्राम चौपाल में लोगों ने बतायीं अपनी समस्याएं

मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार: विकास खण्ड मसौली ब्लाक के दो ग्राम पंचायतो में अवर अभियंता ग्रामीण व एडीओ पंचायत जानकीराम की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में चार लोगों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं। ग्राम पंचायत अनखा में सन्तराम ने वृद्धा पेंशन तो रामसरन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की।

वहीं ग्राम पंचायत नैनामऊ में जरीना व रूबी ने प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसको सचिव जैसीराम सूचीबद्ध कर लिया। इस मौके पर सचिव अकिब जमाल समेत प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

दिव्यांग किसान का बेमियादी धरना शुरू

धरना देता किसान व अन्य लोग। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन के बाद भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से आहत होकर दिव्यांग किसान संजय कुमार ने भिटरिया स्थित अंबिका ऑटोमोबाइल्स ट्रैक्टर एजेंसी पर शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया। किसान का आरोप है कि उसके साथ जालसाजी व धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित दिव्यांग किसान के सहयोग में श्रीराम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएनएस त्यागी एवं भारतीय किसान यूनियन (धर्मेंद्र) के जिला अध्यक्ष मायाराम यादव अपने-अपने पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर मौजूद हैं। जिसमें शुक्रवार को पीड़ित किसान की समस्या के समाधान करने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। जिससे निर्णय लिया गया कि आज पीड़ित दिव्यांग किसान संजय कुमार व भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मायाराम यादव के द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ की जाएगी।

सार-संक्षेप

रक्तचाप को योग से किया जा सकता है नियंत्रित

टीआरसी लॉ कॉलेज में योगाभ्यास करते लोग।

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उ.प्र. संस्कृत संस्थान लखनऊ, नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में शुक्रवार को सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर योग शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. शशि कुमार अवस्थी (योगाचार्य) एवं विशिष्ट वक्ता डा. सुधीर वर्मा (चिकित्सक) ने उपस्थित लोगों को योगासन से लाभ की जानकारी दी। योगाचार्य डा. शशि कुमार अवस्थी ने प्राणायाम कर शिविर की शुरुआत की। योग शिविर के बाद विधि महाविद्यालय में उच्च रक्तचाप का योग द्वारा निदान विषयक योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शल्य चिकित्सक डा. सुधीर वर्मा ने कहा कि योग से रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी द्वारा योगाचार्य डा. शशि कुमार अवस्थी, चिकित्सक डा. सुधीर वर्मा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के एपीए अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा भी अतिथियों का सम्मान किया गया।

कमला नेहरू पार्क में किया योगाभ्यास

बाराबंकी : अमृत विचार : भारतीय संस्थान इकाई बाराबंकी द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर स्थानीय कमला नेहरू पार्क में शुक्रवार सुबह साढ़े 5 योगाभ्यास कराया गया। जिसमें नगर के आरडी पांडेय, इंद्रराज वर्मा, पर्यावरणविद डीके शुक्ला, बलराम वर्मा, अवधेश द्विवेदी, एसके श्रीवास्तव, केके सिंह, घनश्याम मौर्य, मनीष गुप्ता और मधुसूदन सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

बार कौंसिल सदस्य का स्वागत

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य अखिलेश अवस्थी ने शुक्रवार को हैदरगढ़ पहुंचकर अधिवक्ताओं को कानून की पुस्तकें प्रदान कीं। तहसील बार भवन में बार अध्यक्ष राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अवस्थी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बार कौंसिल के सदस्य ने कहा कि हैदरगढ़ में मूल निवास होने के कारण जनपद के अधिवक्ताओं से विशेष अपनत्व रहता है। 24 घंटे किसी भी समय कोई भी अधिवक्ता उन्हें फोन कर समस्या बता सकता है। समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास होगा। इस मौके पर बार महामंत्री कुंवर बहादुर यादव, मित्रसेन वर्मा, यश करन तिवारी, संजय सिंह, अचल मिश्र, हरिश्चंद्र सिंह, सुनील त्रिवेदी, राकेश मिश्रा, बृजेंद्र प्रताप सिंहबिज्जू, जगदीश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, धारा नाथ मिश्र व संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता पर ब्रांड एंबेस्डरों को मिला सम्मान

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नामित लोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई। इस बीच चेयरमैन ने नगर में मिशन के ब्रांड एम्बेसडर घनश्याम शर्मा, दयाशंकर तिवारी, अनिरुद्ध दीक्षित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा कि नगर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रखने में आप लोगों महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी तरह नगर वासियों के बीच प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है जिससे नगर की सफाई व्यवस्था लगातार बेहतर बनी रहे। इस दौरान बाबू रामकरन, बल्लू बाबा, मुन्ना जायसवाल, सत्यम, अमित और बंटी ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

कार्य परिषद के सदस्य नामित हुए प्रो.डा. सीताराम

बाराबंकी, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्याल के कुलपति ने स्थानीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह को गुरूवार को विश्वविद्यालय कार्य परिषद का सदस्य नामित किया है। इस आशय का पत्र बीस जून को कुलसचिव द्वारा जारी किया गया। डॉ. सीताराम सिंह के विवि के कार्य परिषद का सदस्य नामित होने पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं में खुशी की लहर साफ देखी गई। योग दिवस में उपस्थित छात्र छात्राओं व विद्यालय के शिक्षकों ने प्राचार्य डॉ. सीताराम को बधाई दी।

स्वस्थ तन और मन के लिये रोजाना करें योग : गोप

बाराबंकी अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान द्वारा बाबू केडी सिंह स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित योग कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने संस्था के अनुयायियों के साथ योग कार्यक्रम में सहभागिता की। उसके बाद योगाभ्यास में उपस्थित लोगों के बीच योग हमारे तन और मन को स्वस्थ शांत एकाग्रचित रखने मे किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इस पर चर्चा करते हुए सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी को प्रतिदिन एक घंटा योगाभ्यास जरूर करना चाहिए।

गेट को ठीक कराने की बजाय रखा अलग

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत वजीउद्दीनपुर के मजरे बबुरा बांध में प्राथमिक विद्यालय का गेट अरसे से टूटकर लटक रहा था। कुछ ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत की। इसके बाद गेट को उखड़वाकर अलग रखवा दिया गया। ओपी आनंद, जगदीश का कहना है कि विद्यालय को मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट से गेट सही हो सकता है लेकिन जिम्मेदार अफसर इसे अनदेखा कर रहे हैं। वजीउद्दीनपुर के प्रधान सीताकांत विश्वकर्मा ने कहा कि विद्यालय का गेट लगवाएंगे। बीईओ अर्चना ने बताया कि प्रधान को गेट सही कराने के लिए कहा गया है।

बिना गेट के प्राथमिक विद्यालय।

कार्रवाई 27 बीजों के लिये नमूने, दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

54 बीज बिक्री केन्द्रों पर छापा, एक का लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : बीजों की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं निर्धारित दर पर बिक्री की जांच के लिये जिलाधिकारी के निर्देश क्रम में शुक्रवार को तहसीलवार कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की गठित संयुक्त टीमों द्वारा कुल 54 बीज बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले गये। जिसमें 27 बीजों के नमूने ग्रहित किये गये। एक बीज विक्रेता का लाइसेंस निलंबित किया गया व दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी। इसके अलावा एक विक्रेता मेसर्स अर्श बीज भण्डार सिद्धौर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकद्मा पंजीकृत कराया गया।

तहसील फतेहपुर में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार द्वारा कुल छह छापे डाले गये। जिसमें दो नमूने ग्रहित किये गये, 01 विक्रेता मेसर्स माता प्रसाद भूरामल एण्ड सन्स, फतेहपुर द्वारा अभिलेख न प्रस्तुत किये जाने पर बीज विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बन की संस्तुति की गयी। तसील-रामसनेहीघाट मंल जिला कृषि अधिकारी राजित राम द्वारा कुल 14 छापे डाले गये, 10 बीज के नमूना ग्रहित किये गये। इसके अलावा दो विक्रेता मेसर्स जे.पी. बीज कम्पनी एवं मेसर्स शान्ति फर्टिलाइजर्स भिटरिया को अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही जिलाधिकारी की अनुमति के बाद मेसर्स अर्श बीज भण्डार सिद्धौर के विक्रेता विनोद कुमार एवं नकली बीज आपूर्तिकर्ता प्रकाश राजपूत निवासी सिद्धौर पश्चिम कटरा, बाराबंकी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत पुलिस थाना असन्द्रा में मुकद्मा पंजीकृत कराया गया। वहीं तहसील-नवाबगंज में जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार द्वारा कुल 16 छापे जगहों पर डाले गये। जहां से 10 बीजों के नमूने संग्रहित किये गये। तहसील रामनगर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सिरौलीगौसपुर अरूणेश प्रताप सिंह द्वारा कुल छह छापे डाले गये और एक नमूना ग्रहित किया गया। तहसील सिरौलीगौसपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी रामसनेहीघाट कौशलेन्द्र पाल सिंह द्वारा कुल सात छापे डाले गये और दो नमूना ग्रहित किया गया। तहसील हैदरगढ़ में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी हैदरगढ़ अन्वेषा देव द्वारा पांच छापे डाले गये और दो नमूना ग्रहित किया गया। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी राजित राम द्वारा जनपद के कृषक भाइयों से अपील की गयी कि बीज क्रय करते समय कैशमेमो अवश्य प्राप्त करें।

समस्त बीज विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिये गये हैं कि अपने-अपने प्रतिष्ठान पर रेट/स्टाक बोर्ड अवश्य प्रदर्शित करें तथा कृषकों को कैशमेमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। बिना बीज लाइसेंस के बीज का व्यवसाय बिलकुल न करें और न ही अनाधिकृत स्रोत्र से किसी प्रकार का बीज बिना बिल व चालान के प्राप्त करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 तथा बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एक दुकान पर जांच करते जिला कृषि अधिकारी राजित राम।

कार्यालय ग्राम पंचायत-चिरैया, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024-25 दिनांक: 21 /06/2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत चिरैया विकास खण्ड हैदरगढ़ में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज-2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22/06/2024 से 29/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत चिरैया में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 30/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराहन 3 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। **नियम/शर्ते :-** 1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोली जायेगी। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पी एफ एम एस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा। 10-ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा दिए गए टेंडर दर मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त एक बार खोला जायेगा जो पूरे वर्ष देय होगा।

दीपक राजपूत - सचिव
ग्राम पंचायत- चिरैया, विकास खण्ड हैदरगढ़,
जनपद- बाराबंकी

राम चन्दर- ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- चिरैया, विकास खण्ड हैदरगढ़
जनपद-बाराबंकी

आज का मौसम

हल्के मध्यम बादल छाए रहेंगे हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

36.5° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

बाल श्रम से मुक्त कराए गए चार बच्चे

अयोध्या। अमृत विचार : चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के बाद शुक्रवार को लखनऊ हाईवे पर रौनाही थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे से चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। संयुक्त टीम ने बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए बच्चों के परिजनों को बुलाया गया है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी का कहना है कि बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों की काउंसलिंग कराई जा रही है। सभी के परिजनों के आने का इंतजार है। उसके बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मंडलीय खरीफ गोष्ठी 26 को

अयोध्या। मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन 26 जून को साढ़े दस बजे से आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में होगी। इसकी अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त करेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि गोष्ठी में खरीफ अभियान से संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों और मंडल के जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। जिससे कि किसानों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने जिलों के संबंधित अधिकारियों को भी गोष्ठी में पूर्ण तैयारी के साथ समय से प्रतिभाग करने का निर्देश दिया।

मरम्मत के कारण अब नहरों में 23 जून से आएगा पानी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: इस साल नहरों में पानी आने में विलंब हुआ। इसके कारण किसानी प्रभावित हुई।अब 23 जून से नहरों में पानी आने की उम्मीद है। जिले में 107 नहरों की शाखाएं है। इनमें 77 अद्द नहर जिले में और बाराबंकी प्रखंड शारदा के तहत 30 नहरे कुल हैं। फैजाबाद शाखा व सुल्तानपुर शाखा में जल का संचालन इंदिरा कैनाल फीडर से निकलने वाली दरियाबाद शाखा से किया जाता है। रोस्टर के अनुसार 14 मई से से 17 जून तक परियोजना संबंधी कार्य व छोटे-मोटे मरम्मत कार्य इसी के मध्य कराए जाते है। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खंड के मुताबिक इस समय फैजाबाद शाखा के 81.230 किमी पर क्रॉस रेगुलेटर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके कारण रोस्टर के अनुसार फैजाबाद शाखा में जल का संचालन कराने में विलंब हुआ। इस खंड से अयोध्या की 77 और अंबेडकर नगर की 49 नहरों में जल का संचालन कराया जाता है। बताया कि 23 जून से फैजाबाद शाखा में जल का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। जल उपलब्धता के अनुसार कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्रियों के सामने डीएम व राजू दास में तू-तू, मैं-मै

अयोध्या कार्यालय

- स्थल पर से ही हटा ली गई राजूदास की सुरक्षा
- राजू दास ने लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

अमृत विचार: प्रदेश के दो मंत्रियों के सामने ही डीएम और हनुमानगढ़ी के संत राजू दास आमने-सामने आ गए। तू-तू मैं-मैं हुई। स्थल से ही दास के सुरक्षा हटा ली गई। गनर को वापस बुला लिया गया। उन्होंने सुरक्षा हटाए जाने पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। घटना रामनगरी के एक होटल में गुरुवार रात लगभग 11 बजे की है।

सरयू अतिथि भवन में रात मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह मौजूद थे। उनके साथ जिले के कुछ विधायक, दूसरे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद थे। बताया गया है कि चुनाव की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान अपनी बात रखने के लिए हनुमानगढ़ी के संत राजू दास भी पहुंच गए। दास बताते हैं कि उन्होंने अयोध्या में बंदिशों को लेकर शिकायत शुरू की तो अधिकारियों ने नाराजगी जताई। बात आगे बढ़ गई। सूत्रों के मुताबिक इस बीच डीएम के साथ राजू दास की जमकर बहस हुई। तू-तू मै-मै से मौजूद लोग सन्नाटे में आ गए। कोई कुछ बोल नहीं पाया। इसी दौरान उनकी सुरक्षा हटा ली गई। बाहर निकले तो सुरक्षा कर्मी ने बताया कि उसको जाने के लिए फोन आ गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले उनके एक सुरक्षा कर्मी को हटा लिया गया था। सुरक्षा को हटाया जाना दुखद बताया।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक था। समीक्षा में हमारी बात सुनी गई। किस पर काम किया जाना चाहिए इस पर भी चर्चा हुई। वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं, अयोध्या के लोग, व्यापारियों की पीड़ा पर बोले तो अधिकारी परेशान हो गए। उनको अच्छा नहीं लगा। आरोप लगाया कि प्रशासन समाजवादी मानसिकता से चल रहा है। कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उनको लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसे समय में सुरक्षा हटा ली गई। यह दुखद है। हत्या की साजिश रचने का आरोप भी लगाया। लेकिन पीएम मोदी और सीएम योगी पर उनको पूरा भरोसा है। इसकी चिंता नहीं है। सनातन और हिदुत्व के लिए काम करते रहेंगे।

सुरक्षा लेकर लोगों को प्रताड़ित करने का उद्देश्य : डीएम

हनुमानगढ़ी के संत राजू दास से की गई टिप्पणी पर डीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य सुरक्षा प्राप्त कर लोगों को प्रताड़ित करना है। सुरक्षा समिति की बैठक में उनकी सुरक्षा पर विचार किया गया था। आपराधिक इतिहास खोजा गया तो बड़ा आपराधिक इतिहास मिला। सन् 2013, 2017 और 2023 में इनके खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं। कहा कि वह कभी अयोध्यावासियों को गाली देते हैं तो कभी प्रशासन को। यह ठीक नहीं है। उनसे कहा भी था कि आचरण ठीक रखना चाहिए। व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से किसी को गाली नहीं दी जा सकती है। वह ऐसा वातावरण बनाना चाहते हैं जिससे सुरक्षा प्राप्त हो। इसीलिए उनकी सुरक्षा हटाई गई।

55 हजार से अधिक किसान सम्मान निधि से वंचित

खाता लिंक न कराने से अभी तक नहीं मिली धनराशि, कृषि विभाग ने फिर जारी की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : ई-केवाईसी, एनपीसीआई से खाता लिंक नहीं कराने के चलते जिले के 55 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित हो गए हैं। इनमें से 20758 किसानों का एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) से खाता लिंक नहीं हुआ है, जबकि 35056 किसानों ने अपने बैंक खाते का ई-केवाईसी नहीं कराया है। ऐसे में 2.16 लाख किसानों के ही खाते में सम्मान निधि की धनराशि पहुंच पाई है। जिन किसानों के खातों में दो-दो हजार रुपये की राशि नहीं आ पाई है वे अब विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

केंद्र सरकार लघु सीमांत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दे रही है। इस योजना के तहत साल में तीन बार किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये जाते हैं। प्रत्येक चार महीने पर प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि किसानों के खातों में भेजी जाती है। साल में कुल छह हजार रुपये की धनराशि लघु, मध्यम किसानों के लिए काफी मददगार साबित होती है। यह पैसा किसानों को खरीफ और रबी सीजन में खाद-बीज खरीदने तथा खेत की जुताई, सिंचाई के काम आता है। जिले में तीन लाख 14 हजार 515 किसान कृषि विभाग में पंजीकृत हैं, लेकिन खाता सही नहीं होने के चलते सभी किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसानों के खाते में कमियां दूर करने को ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान भी चल चुका है, लेकिन अब भी 55 हजार ऐसे किसान हैं जिनको सम्मान निधि की राशि से वंचित होना पड़ा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का लाभ जिले के 2.16 लाख किसानों को मिला है। इन किसानों के खाते में मंगलवार से धनराशि जाने की शुरुआत हो गई। वहीं बार-बार निर्देश के बाद भी 35056 किसानों द्वारा अपने बैंक खाते का ई-केवाईसी नहीं कराने के लिए चेताया गया है।

किसानों को दिया 10 दिन का समय

जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने बताया कि जिन किसानों ने खाते लिंक नहीं कराए है उन्हें 10 दिन का समय और दिया गया है। यदि वह 10 दिनों में खाता लिंक और अपडेट नहीं कराते तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि बार-बार पंचायत स्तर पर यह अभियान चलाया गया लेकिन किसानों की लापरवाही सामने आई है। वहीं विभाग के सूत्रों का कहना है कि जिन्होंने लिंक नहीं कराया है वह छदम किसान भी हो सकते हैं। बताया जाता है कि ऐसे किसानों ने पंजीकरण तो करा लिया लेकिन खाता संचालन में दस्तावेज न होने के कारण लिंक कराने से परहेज कर रहे हैं।

प्री मानसून की आहट : सुबह हुई बारिश

प्री मानसून की आहट शुक्रवार को हल्की बारिश से मिली। सुबह हुई बारिश से लोगों के राहत भरे चेहरे बस दोपहर तक खिले रहे। बारिश के बाद बढ़ी उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। अल सुबह जब बारिश हुई तो सड़क पर लोग मस्ती में दिखाई दिए। अमृत विचार

वार्ड में जमीन पर छटपटा रहे मरीज के मामले में जांच के आदेश

अयोध्या कार्यालय

वार्डों में भर्ती अज्ञात मरीजों को देखने वाला कोई नहीं

अमृत विचार में शुक्रवार के अंक में प्रकाशित खबर।

खबर का असर

- तीन चिकित्सकों की सामिति गठित, मांगी गई जांच आख्या

अमृत विचार : जिला अस्पताल में अज्ञात मरीज के साथ हुई निर्दयता के मामले में अमृत विचार में शुक्रवार को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने तीन चिकित्सकों की जांच समिति गठित की है। सामिति से तीन दिन के अंदर जांच आख्या मांगी गई है।

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में गुरुवार को एक बुजुर्ग मरीज बेड से जमीन पर गिरा हुआ था। उसके हाथ में वीगो लगा हुआ था। किसी ने भी मरीज को उठाकर बेड पर लेटाने की जहमत नहीं उठाई। अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में 'वार्डो में भर्ती अज्ञात मरीजों को देखने वाला कोई नहीं' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार वर्मा ने बताया कि जांच सामिति में सर्जन डॉ. वेद प्रकाश, फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी और ब्लड बैंक के डॉ. फुजैल अंसारी को शामिल किया गया है। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि अस्पताल में किसी भी मरीज के साथ ऐसा व्यवहार निंदनीय है। तीन दिन के अंदर जांच आख्या मांगी गई है।

मणिराम छावनी मंदिर में सजाई गई झांकी

अयोध्या कार्यालय

- राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का 86वां जन्मोत्सव

जन्मोत्सव के दौरान न्यास अध्यक्ष से आशीर्वाद लेते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: राम जन्मभूमि के क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को मंदिर परिसर फूलों से सजाया गया।

मंदिर के गर्भगृह में विराजमान प्रभु की भव्य झांकी का आयोजन हुआ। वहीं पूर्वजों की भव्य आरती भी उतारी गई। इस दौरान महंत नृत्य गोपाल दास उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास सहित बड़ी संख्या में अयोध्या के साधु संत मौजूद रहे। महंत कमल नयन दास ने कहा कि आज गुरु महाराज की जन्मोत्सव को हम लोग मना रहे हैं। मंदिर के जितने भी गुरु आचार्य रहे हैं सभी को याद करते हुए महाराज का आशीर्वाद लिया गया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्प लेते हुए मंदिर की सेवाभाव को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। तीन दिवसीय जन्मोत्सव समारोह के दौरान दो दिन लगातार विशिष्ट हस्तियों का आगमन हुआ था।

कूड़ा वाहन में मिला चालक का शव

अयोध्या कार्यालय

- रात में घर जाने के बजाए वाहन में ही सोया था

अमृत विचार : नगर निगम में ठेके पर कूड़े की गाड़ी चलाने वाले एक चालक का शव शुक्रवार सुबह नरेन्द्रालय परिसर स्थित खड़े कूड़ा वाहन के केबिन में मिला है। पोस्टमार्टम कराने के इंकार के बाद पुलिस ने शव परिवार के हवाले कर दिया।

पूराकलंदर थाना के अंजना क्षेत्र स्थित दतिया निवासी प्रदीप मिश्रा (48) पुत्र रघुपति मिश्र चार माह पूर्व नौ हजार रूपये मासिक भुगतान पर रायबरेली की पृथ्वी एग्रो फार्म प्रोड्यूसर कंपनी के तहत अयोध्या नगर निगम में सफाई कर्मी के पद पर भर्ती हुआ था। निगम की कूड़ा ढ़ोने वाली गाड़ी चलाता था। ड्यूटी के बाद रोज की तरह अपनी गाडी अन्य वाहनों के साथ नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र स्थित नरेन्द्रालय परिसर में खड़ी कर गाड़ी के केबिन में ही सो गया था। साथियों ने शुक्रवार सुबह उसे जगाने की कोशिश की। कोई हरकत न होने पर परिवार को सूचित कर जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन शव लेकर चले गए। जानकारों का कहना है कि एक दिन पूर्व ही उसको वेतन भुगतान हुआ था। वेतन हासिल होने के बाद उसने पार्टी की थी। परिवार में बीमार पत्नी के अलावा दो बेटे कुलदीप (22) व संदीप (30) हैं।

नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि परिजन पीएम कराने को सहमत नहीं थे। जिसके चलते लिखापढ़ी के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

सरयू महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा सरयू महोत्सव

अयोध्या कार्यालय

आयोजन

अमृत विचार: आन्जनेय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री अवध सरयू महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को रामकथा के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरयू तट पर पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति अध्यात्म और भक्ति संगीत की अविरल गंगा जिसके त्रिवेणी में हजारों की संख्या में भक्त गोते लगा रहे है।

कार्यक्रम के आयोजन महंत शशिकांत दास महाराज ने बताया कि रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसको देखकर यहां उपस्थित सैकड़ो लोग मंत्र मुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि माँ सरयू का जन्मोत्सव जेष्ठ पूर्णिमा दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस दौरान आरती घाट को विविध प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है। बताया श्री राम कथा संपन्न होने के बाद मां सरयू की भव्य आरती होगी।

सूखी समदा में मछली शिकारियों ने मचाई लूट

सोहावल, अयोध्या

समदा झील में शुक्रवार को दिन दहाड़े मछली का हो रहा शिकार। अमृत विचार

- मौके से गायब रही पुलिस और सुरक्षा कर्मी

अमृत विचार : करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही समदा झील पक्षी विहार परियोजना की सुरक्षा करने में प्रशासन फेल साबित हो रहा है। छह माह में शिकारियों ने झील की सारी मछलियां निकाल लीं और जिम्मेदार देखते रह गए।

शिकारी सूखी समदा में बचे पानी के बीच जीवन खोज रही मछलियों का शुक्रवार को दिन दहाड़े शिकार कर चंपत हो गए। मौके पर पर्यटन विभाग के चारों सुरक्षा कर्मी नहीं दिखाई पड़े, न ही पूरा कलंदर थाने की पुलिस नजर आई। रामनगरी के पर्यटन से जुड़ी लगभग 67 हेक्टेयर में फैली समदा झील को पक्षी विहार योजना के तहद विकसित करने की तीन वर्ष पहले शुरू हुई योजना में अब तक नौ करोड़ से ज्यादा की धनराशि एडीए खर्च कर चुका है। मनरेगा से बांध बनाकर पक्षियों को सुरक्षित और आकर्षित करने के लिए बड़े बडेड टीलों का निर्माण, वृक्ष, फूल पत्ते छायादार पेड़ों में पर्यटकों के घूमने बैठने की व्यवस्था जैसे प्रबंध अब पर्यटकों को आकर्षित करने लगे है। इको सिस्टम से तैयार हो रही इस झील में कई लाख की मछलियां पूरी झील में आने वालों का आकर्षण बनी हुई थीं लेकिन कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने मौका पाते ही मछलियों का शिकार करना शुरू कर दिया। कई बार पकड़े गए लेकिन चेतावनी पाकर छूट गए।

> जिन लोगों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी उन्हें तलब किया जायेगा। वायरल वीडियो को देख कर शर्मिंदगी महसूस हो रही है। लूट मचाने वाले बचेंगे नहीं। इन्हे चिन्हित कर केस दर्ज कराया और जेल भेजा जाएगा। – **अशोक कुमार सैनी, उपजिला अधिकारी सोहावल।**

सार-संक्षेप

बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष की समीक्षा स्थगित

अयोध्या,अमृत विचार। योग दिवस के आयोजन को लेकर शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रस्तावित राज्य बाल संरक्षण की मंडलीय बैठक स्थगित कर दी गई। जिसके चलते समीक्षा के लिए जिले के दौरे पर पहुंचे आयोग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन-पूजन कर लखनऊ लौट गए। बालकों से जुड़े मामलों में कार्रवाई और प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य बाल संरक्षण आयोग की ओर से बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, मानव तस्करी निरोधी थाना, श्रम विभाग के प्रवर्त्तन अधिकारी तथा पुलिस की शुक्रवार को दोपहर बाद मंडलीय बैठक आहूत की गई थी।दोपहर साढ़े तीन बजे मीडिया से मुखातिब होने का कार्यक्रम था। साथ ही एक जून से बाल श्रम के रोकथाम को लेकर चल रहे अभियान की भी समीक्षा की जानी थी। कार्यक्रम के तहत बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा गुरुवार रात ही सर्किट हाउस पहुँच गए, हालांकि योग दिवस कार्यकम में अधिकारियों व कर्मचारियों की व्यस्तता के चलते समीक्षा स्थगित कर दी गई। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि मंडलीय समीक्षा बैठक स्थगित हो गई है।

मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : वेतन न दिए जाने तथा शासन को गलत रिपोर्ट दिए जाने के विरोध में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मजदूर संघ ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। संघ का आरोप है कि जिला उद्यान अधिकारी द्वारा शासन को गलत सूचना प्रेषित की गई तथा सभी दैनिक कर्मचारियों से 2001 से अब तक काम लेते हुए शासन को लिखा है कि यहां कोई दैनिक कर्मचारी काम नहीं कर रहे है। एक महीने में सिर्फ 10 से 15 दिन काम लिया गया और आठ से नौ महिने में सिर्फ दो से तीन महीने का वेतन दिया गया। दैनिक श्रमिक इस डर से काम करता है कही हक मांगने पर अधिकारी निकाल न दें। संघ की मांग है कि 26 दिन का काम दिया जाए और हर माह भुगतान किया जाए तथा शासन द्वारा मांगी गयी सूचना की वास्तविक रिर्पोट भेजी जाए। सभी 120 कर्मचारियों की सूची तैयार कर हर विभाग के यूनिट पर रजिस्टर के साथ भेजा जाय जिससे फर्जी नाम न चल सके। अयोध्या मजदूर संघ के अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

राजस्व वसूली को लेकर अधिशासी अभियंता नाराज

उप खंड कार्यालय पर समीक्षा करते अधिशासी अभियंता।

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता सत्यनारायण ने शुक्रवार को कुमारगंज उपखंड कार्यालय पर सभी अवर अभियंता और फीडर मैनेजर की राजस्व वसूली को लेकर बैठक की। इसमें अवर अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए नलकूप बकायेदार, सुपर वाइज बिलिंग ,राजस्व वसूली को शत प्रतिशत कराने को कहा है। शत प्रतिशत राजस्व वसूली न करने वाले अवर अभियंता के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। बैठक में उपखण्ड अधिकारी कुमारगंज संतोष कुमार, अवर अभियन्ता बाल नाथ, सुशील कुमार,नंद लाल फीडर मैनेजर आदि मौजूद रहे।

आस्था टाट से निकल कर ठाठ में पहुंचे रामलला तो राजशाही अंदाज में होता है पूजन, हवाई जहाज से दिल्ली से प्रतिदिन आते हैं रामलला के वस्त्र

रोज रामलला के प्राचीन शैलियों के वस्त्र बनाते 12 कारीगर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्रभु श्री रामलला टाट से निकलकर अब ठाठ में पहुंच गए हैं। अब भव्य मंदिर में रामलला की सेवा पूजा राजशाही अंदाज में की जाती है। रामलला रोजाना नए-नए वस्त्र धारण करते हैं। इन वस्त्रों को दिल्ली में तैयार किया जाता है और फिर उसे हवाई जहाज के माध्यम से अयोध्या लाया जाता है। जिसे प्रशासनिक सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाया जाता है।

राम मंदिर में विराजमान पांच वर्ष के रामलला के लिए विशेष प्रकार के वस्त्र तैयार किए जाते हैं। जो देश की अलग-अलग आर्ट शैलियों पर हथकरघा और खादी ग्रामोद्योग से जुड़े लोगों द्वारा तैयार किये जाते हैं। इसके लिए दिल्ली में विशेष प्रकार की एक वस्त्र निर्माण कार्यशाला खोला गया है। जिसमें प्रतिदिन 12 कारीगर कार्य करते हैं।

इस कार्यशाला के प्रबंधक देश के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी बताते हैं कि मंदिर की तरह इस कार्यशाला को भी पवित्र रखा जाता है। किसी भी प्रकार के जूता-चप्पल पहनकर किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस कार्यशाला में कार्य करने वाली सभी कारीगर भी सात्विक है। उन्होंने बताया कि

राममंदिर में विराजमान रामलला विशेष वस्त्र धारण किए हुए।

रामलला के वस्त्र को देशभर से प्राचीन शैलियों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसके पीछे का भाव है कि भगवान जब त्रेताकाल में पांच वर्ष के रहे होंगे इसी प्रकार के शैलियों मं वस्त्र धारण करते थे। ऐसे ही इतिहास को फिर जीवित करने के साथ वस्त्र के शैलियों को नई पहचान दिलाने का एक प्रयास है।

उन्होंने बताया कि हम लोगों को यह बताना चाहते हैं कि भगवान के वस्त्र जो बनाए जा रहे हैं। आज उन लोगों को पहचान की जरूरत है जो वस्त्रों में इन शैलियों को जिंदा कर रखे हैं। इन वस्त्र को जब भगवान धारण करते हैं तो उनकी फोटो के माध्यम से लोगों वस्त्रों के बारे में पहचान दिलाती है। उन्होंने बताया कि पूरा देश कपड़ों की शैलियों का एक गुलदस्ता है। जिसे कपड़ों के माध्यम से पूरे विश्व को दिखाने का यह प्रयास है। अब तक रामलला भारत के 25 से अधिक शैलियों पर तैयार किए गए कपड़ों के वस्त्र पहन चुके हैं।

रामलला पहन चुके हैं इन शैलियों पर बने वस्त्र

देश के विभिन्न राज्यों के कपड़े मंगाए जा चुके हैं। जिसमें बनारस की सिल्क से चंदेरी, माहेश्वरी, आंध्र और तेलंगाना की पोचमपल्ली, कलमकारी आसाम की एरी सिल्क , गुजरात और राजस्थान की बाँधेज, कछार की अजरख, बंगाल की बलूचरी उड़ीसा की संबलपुर, बिहार की भागलपुरी महाराष्ट्र की वर्लीआर्ट समेत अन्य शैली शामिल हैं।

विशाल हत्याकांड के दोनों आरोपियों पर लगा गैंगेस्टर

अयोध्या। अमृत विचार : जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर चार माह पूर्व हुए पूराकलंदर थाना क्षेत्र के टोनिया निवासी विशाल यादव की हत्या के मामले में कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले को विवेचना कराई जा रही है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने शुक्रवार को बताया कि विवेचना में रितेश यादव निवासी खोजनपुर कोतवाली नगर थाना कैंट क्षेत्र व राजीव यादव का संगठित गिरोह होने का मामला सामने आने के बाद गैंग चार्ट बनवा जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन कराया गया और दोनों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिश : शून्यास्त्वबान्धवा : ।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता ॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

संपादकीय

लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

मांसाहार, शाकाहार और पशु वध

डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

> जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अत : जो प्राणी दु :ख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

प्रसंगवश

कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

सोशल फोरम

दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

> नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तदनुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

ब्याज से आय पर राहत

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

एक नजर

बीडीओ ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

अमेठी, अमृत विचार : बीडीओ विनय कुमार वर्मा ने गो आश्रय स्थल त्रिलोकपुर और अमृत सरोवर त्रिलोकपुर और बांहापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल पर बीमार मिले एक गोवंश के इलाज की समुचित व्यवस्था कराई। त्रिलोकपुर पशु आश्रय स्थल पर कुल 135 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गो आश्रय स्थल पर 230कुंतल भूसा, 22कुंतल पशु आहार, 22कुंतल हरा चारा उपलब्ध है।

संचारी रोग नियंत्रण माह की शुरू हुई तैयारी

अमेठी, अमृत विचार : जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण माह की तैयारी शुरू हो गई है।आज तहसील में टास्क फोर्स की बैठक बुलाई गई है।25और26जून को सुबह 10बजे से 2बजे तक पंचायत सहायकों, सफाई कर्मियों, पंचायत सचिवों और स्वच्छ भारत मिशन में काम करने वाले कार्मिकों की अभिमुखीकरण कार्यशालाएं सभी विकास खंडों में आयोजित की जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने सभी सहायक विकास अधिकारी –पंचायत को ओरियेंटेशन प्रोग्राम की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद से छह वारंटी किए गए गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद के विभिन्न थाने में वारंटी चल रहे छह नफर अभियुक्तों को अमेठी पुलिस को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जिसमें रामगंज पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा दो नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा दो नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में योगाभ्यास कर बहाया पसीना

जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और जन सामान्य ने सामूहिक रूप से किया योग

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: योग स्वयं और समाज के लिए थीम पर आधारित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह जी, नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए एवं योग करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद की समस्त तहसीलों, विकासखंडों, थानों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अमृत सरोवर, पंचायत भवन आदि स्थानों पर भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में बताया गया एवं नियमित योग करने की अपील भी की गई।

योग दिवस पर योगाभ्यास करते विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

योगाभ्यास में शामिल पूर्व सांसद। अमृत विचार

थाना बाजार शुकुल व ब्लॉक पर मनाया योग दिवस: शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार: योग दिवस और समाज के लिए थीम पर आधारित दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज थाना बाजार शुकुल व ब्लाक में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया मनुष्य के जीवन में योग का बहुत ही महत्व है करे योग रहे निरोग व्यक्ति सुबह उठकर योग करे तो बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।

इसी क्रम में थाना परिसर में योग शिक्षक के रूप में तनुज पाल द्वारा योगाभ्यास समस्त पुलिस कर्मियों के साथ किया ब्लॉक शुकुल बाजार में क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी व खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज ऑडियो पंचायत एवं ब्लॉक कर्मचारियों के साथ माधव बाजपेई भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ सतीश मिश्रा रविंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

योग शारीरिक और मानसिक रूप से बनाता है मजबूत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: राजर्षि रणंजय सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस आरआरएसजीआई के विभिन्न संस्थाओं में 21 जून, शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बताते चलें कि हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।आरआरएसजीआई के आरआरपीजी कॉलेज, रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय, राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव महाविद्यालय तथा राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज आफ फार्मेसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। आरआरपीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग'

ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने योग करके बहाया पसीना। अमृत विचार

और राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव महाविद्यालय में ' योगा फॉर वूमेन एंपावरमेंट' थीम के साथ योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व आरआरएसजीआई के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास हमे स्वस्थ जीवन शैली की ओर आगे बढ़ाता है। योग हमें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

योग दिवस पर मौजूद लोग। अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही योग की धूम

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमृत विचार : बुधवार को स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी व अर्धसरकारी कार्यालयों के साथ संस्थानों व ग्रामीण इलाकों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण इलाकों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नियमित योग का संकल्प लिया। बुधवार को10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय कस्बा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।योग कार्यक्रम में प्रशिक्षक सुनील श्रीवास्तव भाजपा मंडल महामंत्री राम गोपाल कौशल,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, शिव शंकर शर्मा,राकेश श्रीवास्तव अजय पाठक सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत तिवारी समस्त आचार्य एवं आचार्य बहनों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ ही छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

दीवानी न्यायालय परिसर में लगी भीषण आग

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार: दीवानी न्यायालय की भूमि पर उगी घास में लगी आग, बुझाने के लिये पहुँची दमकल भी जलकर हुई खाक। जिले में दीवानी न्यायालय के लिए गौरीगंज जगदीशपुर राजमार्ग पर जमीन अधिग्रहण कर उसमें बाउंड्री वाल बनाकर गेट में ताले बन्द रहते हैं। अधिगृहीत परिसर में घास और झाड़िया उग आयी है। सुबह लगभग 10 बजे परिसर में उगी घास व झाड़ियों में आगलग गई। आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी जलकर राख हो गई। गाड़ी चला रहा ड्राइवर राम प्रवेश भी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। संदिग्ध परिस्थितियों में निर्माणाधीन दीवानी परिसर में भीषण आग लग गई।

दीवानी न्यायालय परिसर में लगी आग में जलती अग्निशमन की गाड़ी। अमृत विचार

आग की सूचना मिलते ही जिले की कई फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई लेकिन तेज हवाओं की वजह से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गई। गाड़ी चला रहा ड्राइवर भी आग की चपेट में आने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जिले की सभी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया। इसके अलावा निजी कंपनियों के फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची ।दरअसल ये पूरा मामला जिला मुख्यालय गौरीगंज के जामो रोड पर स्थित निर्माणाधीन जिला एवं सत्र न्यायालय का है। जहां न्यायालय के लिए कई बीघे में बाउंड्री बनाते हुए गेट लगाकर बंद कर दिया गया है।आज सुबह करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में पीछे के हिस्से में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। इसी बीच एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने के लिए पीछे की तरफ जाने लगी तभी वो बंद हो गई। ड्राइवर जब तक गाड़ी बढ़ाता वो आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह से जलकर राख हो गई। गाड़ी चला रहा ड्राइवर राम प्रवेश भी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। एसपी अनूप सिंह और एएसपी हरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे। जिले की सभी गाड़ियों के अलावा निजी कम्पनियों की फायर सर्विस को मौके पर आग बुझाने के लिए बुलाया गया। घटना को लेकर एसपी अनूप सिंह ने कहा कि गौरीगंज में न्यायालय के लिए आवंटित भूमि पर आग लग गई थी। तत्काल कई गाड़ियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया लेकिन आग बुझाते समय एक गाड़ी आग की चपेट में आने से जल गई।

बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

अमेठी, अमृत विचार: गोसाईगंज व ककवा के बीच दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार हुआ। एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमेठी थाना क्षेत्र के गोसाईगंज व ककवा के बीच गुरुवार देर रात तेज रफ्तार दो बाइक आपस में टकरा गई। घटना में एक बाइक पर सवार दो युवक मनीष सुत राम जश निवासी शुकुलपुर चतुर्भुजपुर व सत्येंद्र सुत राजेंद्र प्रसाद शुकुलपुर घायल हो गये व दूसरे बाइक सवार प्रदीप सिंह सुत बल करन सिंह निवासी खानेपुर थाना उदयपुर जिला प्रतापगढ़ जो कि दुर्घटना गंभीर रूप से घायल हो गए।

डबल इंजन की सरकार में छले जा रहे नौकरी की कोशिश में लगे युवा

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: डबल इंजन की सरकार में नौकरी की तलाश में दौड़ रहे बेरोजगार युवा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं लगातार छले जा रहे हैं।नीट परीक्षा को लेकर देश में बवाल चल रहा है, बुधवार को यूजीसी नेट परीक्षा भी पेपर लीक के कारण रद्द कर दी गई है।वर्ष 2024 विद्यार्थियों के जीवन में सबसे बुरा वर्ष साबित हुआ है।

अभ्यर्थी आकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा माफिया, कोचिंग माफ़िया और नेताओं का बोलबाला है, वर्तमान सरकार प्रांतीय सेवाओं के साथ देशव्यापी परीक्षाओं को सुचिता के साथ नहीं करा पा रहा है। सभी पेपर लीक हो जा रहे हैं।अभ्यर्थी विवेक भारती ने कहा कि यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द हुई है। लगातार परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं।अभ्यर्थी बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते है, ऐसे में परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना, इनकी मेहनत पे पानी फेर देता है।पेपर लीक में शामिल सभी पर सख्त करवाई करना चाहिए।वीरेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि इस वर्ष पीएचडी के प्रवेश भी यूजीसी नेट के स्कोर के आधार पर होने हैं। इस कारण अभ्यर्थियों में अचानक असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पात्र बच्चों को हर माह मिलेंगे 4 हजार रुपये

उन्नाव। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम योजना के तहत बच्चों की चिकित्सा, शैक्षिक व विकासात्मक जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता का प्राविधान है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के विधवा, तलाकशुदा व परित्यगता महिलाओं के बच्चों को असाध्य या जानलेवा बीमारियों से ग्रसित बच्चों को लाभांवित किया जाता है। बता दें कि प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल विवाह, कानून से संघर्षरत बच्चे, बाल तस्करी, एचआईवी या दिव्यांग, घर से भागे हुए, बाल वैश्यावृत्ति, बाल श्रम, बाल भिक्षुक को भी लाभान्वित कराया जा सकता है।

बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण: जिलाधिकारी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना, फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

बागेश्वर बालाजी के भंडारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

सिंहपुर, अमृत विचार: ब्लॉक-क्षेत्र के सेमरौता मे जेठ माह के आखिरी शुकवार व्रत पूर्णिमा को श्रद्धालुओं मे काफी उत्साह देखने को मिला तिलोई ताहसील रोड पर बागेश्वर नाम हो रहे भंडारे मे अपने श्रदा के अनुसार लोग छोला चावल कहीं पूड़ी सब्जी सार्बत का वितरण चल रहा है हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे का एसी मान्यता है की जब राम वानवास से वापस लौटे तब अवध क्षेत्र मे की जिम्मेदारी लक्ष्मण जी को सौपा गया तब लक्ष्मण जी अगमां से गली में भूखे ना रहे इसके लिए भंडारा का आयोजन किया।

मांगों को लेकर भाकियू भानू ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: शुक्रवार को अमेठी तहसील में भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला प्रभारी के अगुवाई में 25 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू संगठन के किसानों ने प्रदर्शन कर अमेठी उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री, डीएम, एसपी आदि के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे 15 बिंदुओं का निस्तारण 10 के अंदर करने व शेष 10 बिंदुओं का निस्तारण 30 दिन में न करने पर पांच जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है।

अमेठी तहसील में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला प्रभारी अजय मिश्रा बिलसन बाबा के अगुवाई में दर्जनों किसानों

उपजिलाधिकारी को समस्याओं का ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

द्वारा अमेठी पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए 25 सूत्रीय मांगों को लेकर अमेठी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही 15 सूत्रीय मांगों पर 10 दिन में कार्यवाही न होने की दशा में तहसील परिसर का पश्चिमी गेट बन्दकर अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी दी गई है। वही ज्ञापन सौंपने के बाद भाकियू भानू के जिला प्रभारी अजय मिश्रा ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी मुख्य मांग यह है कि जिस तरीके से प्रशासन किसानों और मजदूरों का उत्पीड़न कर रहा है सबसे बड़ी बात है कि राजस्व विभाग और पुलिस विभाग ये मिलकर उत्पीड़न कर रहा है भादर की एक महिला किसान का घर गिरवा दिया। जबकि उसी गाटे में दूसरे व्यक्ति को छोड़ दिया। लोहरता में एक सड़क बननी थी जो कि नही बनी । अमेठी से पांच किलोमीटर ककवा रोड पर जाईये 50 आवारा पशु झुंड बनाकर रोड पर रहते हैं और आपस मे लड़ते हैं जिससे एक्सीडेंट होता है प्रशासन जिनकी व्यवस्था नही कर रहा है। नहरों में टेल तक पानी नही पहुंच रहा है विभाग फर्जी सफाई के नाम पर पैसा खा रहा है। यही नही पुलिस और राजस्व विभाग सरकारी सम्पत्तियों की चोरी करवा रहा है आदि मांगों को लेकर आज उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है यदि हमारी मांगे नही मानी गई दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

गंगा किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की जताई आशंका

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ स्थित चंदन घाट पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में शव गंगा के किनारे पड़ा हुआ था। शव देखकर आस पास के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पहचान न होने पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है।

शुक्रवार सुबह चंदन घाट पर एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में शव गंगा के किनारे

चंदन घाट पर जांच–पड़ताल करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

औंधे मुंह पड़ा घाट के लोगों ने देखा। जिस पर सुबह करीब साढ़े दस बजे शव मिलने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गंगा से बाहर निकलवाया। जिसके बाद आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लिया।

केबल जलने से 15 घंटे गुल रही इंद्रानगर की बत्ती

शुक्लागंज उन्नाव। गुरुवार रात इंद्रा नगर मोहल्लों में एबीसी केबिल जल जाने के कारण सैकड़ों घरों की बिजली 15 घंटे तक गुल रही। बिजली न आने से लोगो को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ब्रम्ह नगर में केबिल डालने के दौरान सुबह से शाम तक बिजली गुल रही।

पोनी रोड इंद्रा नगर मोहल्ले की एक गली में गुरुवार रात लगभग दस विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान एबीसी केबिल स्पार्किंग के साथ जल गई। जिससे एक सैकड़ा से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को अवगत कराया। इसके बावजूद बिजली कर्मी मरम्मत के लिये नहीं पहुंचे। जिस कारण पूरी रात क्षेत्र की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर अधिकांश लोग छतों पर टहल कर रात काटने का मजबूर हुये। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कर्मचारियों ने जली केवल उतार कर 100 मीटर नई एबीसी केबिल डाली। दोपहर एक बजे प्रभावित घरों की बिजली सप्लाई चालू हो सकी। इसके अलावा ब्रम्ह नगर मोहल्ले में कार्यदायी संस्था ने नई एबीसी केबिल डालने का कार्य किया। जिस कारण सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बंद रही।

आदर्श नगर पंप हाउस की खराब हुई मोटर, पानी के लिए हो रही परेशानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पालिका के आदर्श नगर में बने पंप हाउस की मोटर एक बार फिर खराब हो गई है। जिस कारण तीन दिनों से चार मोहल्लों की जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने जल कल विभाग को दी।

आदर्श नगर पंप हाउस की मोटर दस दिन पहले खराब हो गई थी। जिस पर पालिका के जल कल विभाग ने नई मोटर डलवाकर क्षेत्र की जलापूर्ति चालू कराई थी। इधर बुधवार को जलापूर्ति के दौरान मोटर खराब

पंप हाउस से निकाली गई मोटर।

हो गई। जिस कारण सर्वोदय नगर, कंचन नगर, जगनीखेड़ा, आदर्श नगर में होने वाली जलापूर्ति बंद हो गई। पालिका की सप्लाई बंद होने से चार मोहल्लों के सैकडों घरों में पानी न आने से लोग बेहाल रहे। जलापूर्ति न होने पर इसकी जानकारी

- भीषण गर्मी में 3 दिन से 4 मोहल्लों की जलापूर्ति बंद

क्षेत्रीय लोगों ने पालिका को दी। जिस पर पालिका के जल कल विभाग ने पंप हाउस में पड़ी मोटर को बाहर निकाला। जहां बैरिंग कटी होने पर उसे मरम्मत के लिये भेजा है। इस बावत जलकल प्रभारी पकंज ने बताया कि मोटर की बैरिंग खराब होने से पंप हाउस की जलापूर्ति बंद हैं। मोटर खोलकर मरम्मत के लिए भेजी गई है। जल्द ही चारों मोहल्लो की जलापूर्ति चालू करा दी जायेगी।

दिखा उत्साह, थल से जल तक योगमय हुई संगमनगरी

गंगा-यमुना के तट पर हुआ आयोजन, उप मुख्यमंत्री ने किया योग

संवाददाता, प्रयागराज

भारत स्काउट गाइड मैदान में योगा करते डिप्टी सीएम केशव मौर्य।

अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून शुक्रवार को संगमनगरी में पांच सौ से अधिक स्थानों पर योगशालाएं आयोजित की गई। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ ही व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से देश और दुनिया को निरोग जीवन का संदेश देने का प्रयास किया गया।

संगम के तट से लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट, गंगा और यमुना के तट सहित आदि स्थानों पर योग-शिविर का आयोजन हुआ। स्काउट गाइट इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बहोनी की अध्यक्षता मंडल सभागार में योगा अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग पांच हजार लोगों ने एक साथ योग किया। इस मौके पर केशव मौर्य ने कहा कि योग हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए। हम इससे हमेशा स्वस्थ्य रह सकते है। योग दिवस पर शहर के चंद्रशेखर आजाद पार्क, मदन मोहन मालवीय पार्क, गोल पार्क भारत स्काउट गाइड समेत तमाम जगहों पर योग शिवर का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन विभिन्न जगहों पर किया गया है। इस थीम पर जिले की सभी तहसील, ब्लाक, मुख्यालय, ग्राम पंचायत के अलावा पार्कों में योग शिविर का आयोजन किया गया है।

उमरे में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

संवाददाता, प्रयागराज

योग शिविर का शुभारंभ करते मंडल रेल प्रबंधक। अमृत विचार

अमृत विचारः शुक्रवार को योग दिवस पर संगम नगरी में योग शिविर क़ी बयार रही। उत्तर मध्य रेलवे में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने कहा रेलवे कर्मचारियों को संरक्षित तरीके से कार्य करना होता है, जिसके लिए शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनाव मुक्त होना आवश्यक है। इसके लिए योग एक सरल माध्यम है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ और मन को एकाग्र करता है। जब हम नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। प्राचीन कल से ही योग का विशेष महत्व रहा है। योग से ही हम अपने जीवनशैली को संयमित व नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनाए जा रहे 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की यह थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, सामान्य, संजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, परिचालन, अजय कुमार राय, अपर मंडल रेल प्रबंधक, इन्फ्रा, नवीन प्रकाश, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मनीष कुमार कुमार खरे, अशोक कुमार, अनिल कुमार और फूलचंद्र, जय प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया योग

पुलिस लाइन परिसर में योग करते नोडल/अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास विभाग हिमांशु कुमार, डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ नवनीत सेहारा व लोग।

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर से लेकर गांव तक योग किया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परिसर में आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, अफसरों, खिलाड़ियों एनसीसी कैडेट्स, गौरवशाली सैनिक संगठन, पुलिस, व्यापारी, विभिन्न संस्थानों समेत बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। सभी ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग किया।

विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। कहा कि नियमित रूप से योग के माध्यम से तन और मन को स्वस्थ रखें। पतंजलि योग समिति के संचालक गोविंद खंडेलवाल के निर्देशन में महिला योग प्रशिक्षकों ने योग कराया। इस दौरान सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास विभाग हिमांशु कुमार, डीएम संजीव रंजन,

योग करते हुए रानीगंज विधायक डा .आरके वर्मा।

योग करतीं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना।

एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, डीआईओएस सरदार सिंह, बीएसए भूपेंद्र सिंह, डा. अवनीश पांडेय, डा.रंगनाथ शुक्ल, डा. जयराम यादव, डा. आशुतोष मिश्र, एएसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह, एएसपी पश्चिमी संजय राय, सीओ सिटी शिव नारायण बैश, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक दुर्गेश योगी, क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज, कबड्डी एसोशिएशन के सचिव डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, योगासन स्पोर्ट्स एसोशिएशन के अध्यक्ष कर्मराज सिंह, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, परमानन्द मिश्र, शिवेश शुक्ल, धीरज उपाध्याय समेत लोग मौजूद रहे। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

योग करते सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल।

योग करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया योग

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अचलपुर स्थित पैलेस में जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व मे योग किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री सुजीत पाण्डेय, नितीश श्रीवास्तव, ऋषि उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, प्रियांशु शुक्ल, सत्येंद्र दुबे, आकाश पटेल, सुभाष मौर्य, रमा शंकर, रवि, गोपी आदि मौजूद रहे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में योगाभ्यास करातीं शिक्षक।

बीएसएस एकेडमी फुलवारी में योगाभ्यास करते शिक्षक।

स्कूल-कॉलेजों, टाउन एरिया में मना योग दिवस

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूल-कालेजों, टाउन एरिया, ब्लाक, वेलनेस सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य संस्थानों में योग दिवस मनाया गया। योग कराकर उनके महत्व को बताया गया। पीबीपीजी कालेज सिटी में प्राचार्य प्रो .अमित श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर योगाभ्यास का शुभारंभ किया। एनएसएस स्वयंसेवक, बीएड के छात्राध्यापक, डीएलएड प्रशिक्षु, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। खेल प्रभारी प्रो .उपेंद्र सिंह ने योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक अभ्यास कराते हुए योगाभ्यास के मूलभूत सिद्धांतों को बताया। प्रो .ब्रम्हानंद प्रताप सिंह ने अष्टांग योग, विविध प्रकार की मुद्राओं के साथ कर्म योग, ज्ञानयोग और नवधाभक्ति के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डा .नीरज त्रिपाठी, डा .कुलदीप सिंह, अजय सिंह, प्रणव ओझा ने योग के महत्व को बताया। संचालन डॉ. भूपाल सिंह ने किया। अंत में अजीत प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके

आइंस्टीन पब्लिक स्कूल टेउंगा में योगाभ्यास करते छात्र एवं शिक्षक।

पर डॉ. पवन कुमार सिंह, संतोष सिंह, बालेन्दु सिंह, संदीप मौर्य, धीरेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, प्रमोद मौर्य, विनय सिंह आदि रहे। नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज कार्यालय परिसर में चेयरमैन सीता देवी की अध्यक्षता योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मदन कुमार ने योग क्रियाएं करवाईं। इस दौरान अजय गुप्ता ननके, अनुराग अग्रवाल, मनोज प्रजापति, अमित सोनी, विशाल, दिव्यांशु, आनन्द आदि रहे। सिटी नगर पंचायत में चेयरमैन मो. जकी खान की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संजय शर्मा ने योगासन बताये। इस दौरान ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह, हरिकेश मौर्य, राहुल मौर्य, मनीष शर्मा, दिनेश श्रीवास्तव रहे। आइंस्टीन पब्लिक स्कूल, टेऊंगा में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने योग किया। प्रशिक्षक वेद प्रकाश ने योगाभ्यास कराया। संरक्षक विभव शुक्ल ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर का संतुलन बना रहता है। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने योग के महत्व को बताया। बी .एस .एस . एकेडमी फुलवारी में व्यायाम शिक्षक संजय सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए नियमित जीवन में नियमित शामिल करने की बात कही। प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह, मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य ने विचार व्यक्त किया। इस दौरान किरन सिंह, आरती पांडेय, कल्पना मौर्या, अर्चना तिवारी रजनी शुक्ला, सुलेखा त्रिपाठी, विजय सिंह मौजूद रहे। गौरा प्रतिनिधि के अनुसार शिव कुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा और शिवकुमारी दुबे महाविद्यालय आशापुर में छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। रानीगंज प्रतिनिधि के अनुसार तहसील परिसर में भी योगाभ्यास कराया गया। एसडीएम अजय त्रिपाठी, नायब तहसीलदार कृपाशंकर यादव, बद्री गुप्ता, संदीप, संजय सिंह आदि रहे। थाना परिसर में सीओ विनय प्रभाकर साहनी, एसओ आदित्य कुमार सिंह समेत पुलिसकर्मियों ने योग किया। नगर पंचायत रानीगंज कार्यालय परिसर में अध्यक्ष मीरा गुप्ता के संयोजन में कार्यालय के कर्मचारी, सभासदों ने योग किया।

योग वैश्विक स्तर पर बन चुका है स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक

संवाददाता, मिर्जापुर।

अमृत विचारः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित कराने के उद्देश्य से मंत्रियों और अधिकारियों को विभिन्न जनपद आवंटित किए गए थे। इसी क्रम में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल ने मिर्जापुर के राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्वंय योग करते हुये उपस्थित जन समूह को योग करने के लिये प्रेरित किया। योग कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी मिर्जापुर प्रियंका निरंजन के मार्ग निर्देश व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की देख रेख में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, अधिकारी, और योग प्रेमी शामिल हुए। मंत्री आशीष पटेल ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक बन चुकी है। हमें गर्व है कि यह परंपरा हमारे देश से निकली है और आज पूरी दुनिया इसे अपना रही है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री आशीष पटेल ने स्वयं योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और उपस्थित जनसमूह को योग करने के लिए प्रेरित किया। दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को और भी व्यापक स्तर पर मनाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून 2024 तक ''योग सप्ताह'' के रूप में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस योग सप्ताह के तहत विभिन्न स्थानों पर योग शिविर, कार्यशालाएँ, और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग सप्ताह के दौरान जनपद के फतहा घाट, चुनार किला, लाल डिग्गी पार्क, शहीद उद्यान पार्क सहित सभी तहसीलो और विकास खण्डो में आयोजन कर योग के विभिन्न आयामो का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंत्री आशीष पटेल व विधायकगण के द्वारा उत्कृष्ठ खिलाड़ियो को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा योग सप्ताह के दौरान लोगों को योग के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए गए। स्कूलों, कालेजों, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे युवाओं और बच्चों में योग के प्रति रुचि बढ़ी।

रोजाना करें योग रहे निरोगः डॉ. प्रियंका

हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर प्रशिक्षक आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रियंका सिंह ने बीडीओ राजीव कुमार शर्मा व ब्लाक कर्मियों को योगाभ्यास कराया है जिसमें तारणसन, सूर्य नमस्कार, बृजासन, मूंडआसन, भूजाआसन, स्वसन आदि योग का योगाभ्यास कराया है। प्रशिक्षक ने कहा कि योग करने से कई प्रकार के लाभ है ऐसे में नियमित रूप से सुबह सभी लोगों को योग करना चाहिए योग करने से लोग निरोग रहेंगे। इसी प्रकार उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को योगाभ्यास कराया है। थाना परिसर में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास कराया है। पंचशील डिग्री कालेज मवई कला के परिसर में मंडल अध्यक्ष भाजपा पंकज सिंह चंदेल ने लोगों को योगाभ्यास कराया है। ग्राम पंचायत कोटार में ग्राम प्रधान विनोद सिंह, भटवारी में ग्राम प्रधान राजेश मौर्य, पुरवा औसान सिंह में प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य आदि ने योगाभ्यास कराया है।

बारिश से पहले खोदी गई सड़कों को करें दुरूस्त

संवाददाता, जौनपुर।

▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अमृत विचारः राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तथा प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, उ.प्र. शासन जनपद के नोडल अधिकारी के. रविन्द्र नायक की उपस्थिति में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

राज्यमंत्री ने जलजीवन मिशन, पशुपालन स्वास्थ्य विभाग कृषि, सड़क निर्माण सहित अन्य विभागों की योजनाओं और जनपद में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि खोदी गयी सड़कों के रेस्टोरेशन सहित अन्य अवशेष कार्यों को युद्धस्तर पर करते हुए बारिश के पहले पूर्ण करा लें। जिन जगहों पर बोरिंग हुई है वहां पर पानी के सैंपल की जांच अवश्य की जाये। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए सीवीओ को निर्देश दिया कि गोशालाओं में वृहद रूप से पौधरोपण कराया जाए। बिसार, बदलापुर में वृहद गोशाला के लिए जल्द से जल्द टेन्डर कराकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। बदलापुर में बने 03 पशु अस्पतालों को संचालित करने के निर्देश दिये। सहभागिता योजना में किसानों के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि अवशेष भुगतान भी जल्द से जल्द करा दिया जाये। राज्यमंत्री ने किसान सम्मान निधि, बीजो और उर्वरकों के उपलब्धता और वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जिस पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में बीज और उर्वरक उपलब्ध है राज्यमंत्री ने निर्देश दिया कि एफपीओ का सत्यापन कराया जाए कि कही एक ही परिवार के सदस्य पंजीकृत न हो।

सार-संक्षेप

योग शिविर का किया गया आयोजन

संवाददाता, सीखड़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार : विश्व योग दिवस का हुआ आयोजन भाजपा मंडल सीखड़ द्वारा एस बी सिंह महिला महाविद्यालय हांसीपुर, सीखड़, मे योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमे मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय के साथ मंडल के पदाधिकारी गण आनंद शर्मा, विजय भारद्वाज, शिव प्रसाद द्विवेदी, नीरज पांडेय, सुनील पाल, विजय नारायण सिंह, हितेश पांडेय, दिनेश मिश्रा, छोटे लाल सिंह, रामपाल सिंह, अखिलेश प्रकाश, सुनील सिंह, पवन, सुनील बिंद, लालब्रत सिंह अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहकर योग का अभ्यास किए।योग गुरु सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस अवसर पर योग से जीवन में किस प्रकार निरोग रह सकते हैं। इस पर सुरेंद्र बहादुर सिंह, हितेश पांडेय एवं प्रमोद कुमार पांडेय ने प्रकाश डाला।

लोगों ने उत्साह से मनाया योग दिवस

बारा/नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार : योग भगाए रोग, योग और प्राणायाम से मन मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है। उक्त बातें योग दिवस पर सर्वेश्वर हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आरएसएस खण्ड संघ चालक शंकरगढ़ सूर्यकान्त ने कहा। उक्त अवसर पर सूक्ष्म योग, सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, ताड़ासन, मयूर आसन, बज्र आसन, कपालभांति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास किया गया। उसी क्रम में शंकरगढ़ नगर, शिवराजपुर, हिनौती, जारी सलैया आदि स्थानों पर योगाभ्यास में शामिल हो कर लोगों ने उत्साह से योग दिवस मनाया। कार्यक्रम में आरएसएस एवं विचार परिवार के अवधेश त्रिपाठी, दिवाकर, मुकेश, अनूप, दिलीप चतुर्वेदी, दीपक केसरवानी, बृजेश कुशवाहा, ग्राम प्रधान प्रदीप मिश्र, अम्बुज सिंह, अनिल मिश्र, पृथ्वीराज साहू, कान्हा, दिव्यांशु आदि शामिल रहे।

अतीक अहमद क़ी लखनऊ में सम्पत्ति होगी कुर्क

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : माफिया अतीक अहमद क़ी अब तक करोड़ों क़ी सम्पत्ति को कुर्क करने के बाद भी सम्पत्तियां खत्म होने का नाम नही ले रही है। पुलिस को अतीक क़ी एक और सम्पत्ति लखनऊ के एसपीजीआई के पास होने क़ी जानकारी हुई है। जिसकी खोजबीन शुरु कर दी गयी है। माना जा रहा है कि जल्द ही उसके दातावेजों क़ी जांच कराते हुए इसे भी कुर्क किया जायेगा। माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग से जुड़े लोगों की संपत्ति ओर खोजबीन में जुटी पुलिस को लगातार एक नई जानकारी मिल रही है। इस जमीन को राजस्व विभाग से सत्यापित कराया जाएगा। जिसके बाद पुष्टि होने पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जायेगा। जबकि इससे पहले पुलिस ने लखनऊ में ही एक मकान को कुर्क कर चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक माफिया का बेटा असद, जिस फ्लैट में रहता था। उसकी भी जांच क़ी जा रही है। लखनऊ के एसजी पीजीआई के पास भी अतीक ने एक जमीन कई साल पहले ली थी।

बीडीओ ने कार्मिकों के साथ किया योग

संवाददाता, बरसठी, जौनपुर। अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के लोगों ने पार्कों और खुले स्थानों पर एकत्रित होकर योग किया और निरोगी होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से भी योग शिविर लगाए गए। खण्ड विकास अधिकारी अभिनव सरोज ने अपने कार्मिको संग ब्लॉक मुख्यालय पर योगासन किए। इस अवसर पर उनके साथ सहायक खण्ड विकास अधिकारी राकेश मिश्रा, एडीओ पंचायत मुन्नीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में आमजन व सचिव लोग शामिल रहे। योगासन करते हुए बीडीओ अभिनव सरोज ने सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इसी तरह शहर के अलग-अलग पार्कों में लोगों को एकत्रित किया गया और योगासन कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। सहायक खण्ड विकास अधिकारी राकेश मिश्रा ने कहा कि हमारी विरासत ने जो हमें दिया है। वो सम्पूर्ण मानवता के अनुकूल है। योग सबके लिए है। इसमें कोई भेदभाव नहीं है। इस अवसर पर जेई विजय सिंह, एच पी सिंह, विकास दूबे, अभिषेक मौर्या, आजाद यादव, रितेश चौहान, शुभम तिवारी, अमित यादव, जयदीप यादव, अमित सिंह, प्रणव भारती, सीपू भारती रमता पटेल लोग मौजूद रहे।

सीवी रमन स्पेस लैब की स्थापना से साकार होगा बच्चों का सपना

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बीआरसी सुखपालनगर में सीवी रमन विज्ञानिका स्पेस लैब का लोकार्पण शुक्रवार को विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने फीता काटकर किया। क्षेत्र पंचायत निधि से स्थापित स्पेस लैब मंडल में पहली तथा प्रदेश में चौथी है। इस लैब से बच्चों की विज्ञानिक सोच तैयार होगी। विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि जिले का सौभाग्य है कि यहां युवा अधिकारी हैं, जिनकी सोच बहुत ही उच्च कोटि की है। इसी का परिणाम है कि स्पेस लैब की स्थापना यहां पर की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि अभी तक प्रतापगढ़ में इस तरह की कोई लैब नहीं थी, यह हमारे जनपद के लिए गौरव का विषय है। डीएम संजीव रंजन ने कहा कि प्रतापगढ़ के बच्चे अब इस स्पेस लैब की मदद से विज्ञानिक बन सकेंगे। सीडीओ नवनीत सेहारा ने कहा कि इस लैब में बच्चे टेलीस्कोप के माध्यम से खगोलीय घटनाओं को देख सकते हैं। उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट अशोक कुमार सिंह, बीएसए भूपेंद्र सिंह, बीईओ सदर संतोष श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के माडलों का अतिथियों ने अवलोकन किया। संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर की छात्रा अनुप्रिया पटेल ने किया। इस मौके पर बीईओ शिव बहादुर मौर्य, अमित दूबे, बंशीधर पांडेय, सुशील त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, एसआरजी आशुतोष निर्मल, एआरपी धर्मेंद्र ओझा, स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह व लैब प्रभारी गोविंद यादव आदि मौजूद रहे।

सीवी रमन स्पेस लैब का फीता काटकर लोकार्पण करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ नवनीत सेहारा।

ट्रेन की चपेट में आने से पेंटर की मौत

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : मानिकपुर थाना क्षेत्र साहूमई गांव के 45 वर्षीय उदयराज पटेल पुत्र राम सजीवन पेंटर था। गुरुवार की रात पत्नी से किसी बात को लेकर तकरार हो गई। इसी बात को लेकर वह घर से बाहर चला गया। परिजनों ने आस -पास काफी खोजबीन की तो वह नहीं मिला। रात करीब 10 बजे कुंडा थाना क्षेत्र के मवई कला रेलवे पटरी के पास पुलिस को एक शव मिलने की सूचना मिली। इसके बाद एसआई अंकित तिवारी सिपाहियों के साथ पहुंचे। शुक्रवार सुबह परिजनों द्वारा पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। 18 वर्षीय बेटी खुशबू, 14 वर्षीय बेटा अतुल व 11 वर्षीय बेटा साहिल पिता की मौत के बाद बिलखते रहे। पति के मौत के बाद पत्नी शोभा दहाड़ मारकर रोती रही।

उप निदेशक पंचायती राज ने देखी निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति

संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : उप निदेशक पंचायती राज प्रयागराज मंडल जयदीप त्रिपाठी शुक्रवार को गौरा ब्लाक के सिलौधी गांव पहुंचे। उन्होंने 17 .35 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पंचायत भवन के कार्य की प्रगति देखा। कार्य की स्थिति धीमी देख तेजी लाने का निर्देश पंचायत सचिव जीत लाल सरोज को दिया। कहा कि कार्य को 15 दिन के अंदर गुणवत्ता परक तरीके से पूर्ण करायें। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत रामनगर में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का भी निरीक्षण किया। कार्य को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश प्रभारी एडीओ पंचायत प्यारेलाल सरोज को दिया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र रामापुर का भी निरीक्षण किया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से छात्र की मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : जिगना थाना क्षेत्र के गौरा गांव के परमानपुर मजरा में शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसका भाई बाल-बाल बच गया छात्र की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना के आरोपी ट्रैक्टर ट्राली को खींचकर सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने ग्रामीणों को समझना बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों द्वारा जाम को नहीं हटाया गया मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी व जिगना के प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने किसी तरह से समझा बुझाकर तीन घंटे बाद जाम को समाप्त कराया गांव के दलित बस्ती निवासी राकेश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र राज उर्फ गोलू साइकिल से अपने छोटे भाई दीपू के साथ घर से एक किलोमीटर दूर कोचिंग पढ़ने गया था कोचिंग से वापस घर लौट रहा था कि घर से सौ मीटर पहले सड़क पर रेत लदा ट्रैक्टर ट्राली तेजगति से आ रहा था कि उसकी चपेट में आने से राज उर्फ गोलू कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी तरफ से गिरने के कारण छोटा भाई सकुशल बच गया मृतक छात्र दो भाईयों में बड़ा था। घटना की सूचना जैसे ही घर पहुंची कि परिजनों में कोहराम मच गया।

एक नजर

डॉ. संतोष अंश एबीवीपी के विभाग प्रमुख बने

सुलतानपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रान्त अधिवेशन जो 18 से 21 जून तक मां खंडवारी महिला महाविद्यालय चहनियां चंदौली में संपन्न हुआ। अधिवेशन के समापन समारोह में कुशभवनपुर विभाग (सुलतानपुर और अमेठी) का विभाग प्रमुख डॉ संतोष (अंश) को लगातार तीसरी बार बनाया गया। विभाग संयोजक शिवम दुबे, जिला संयोजक तेजस पांडेय, सह संयोजक विपुल मिश्रा , जिला संगठन मंत्री , कौतुक, जिला प्रमुख डॉ राजकुमार सिंह को बनाया गया।

आपसी मतभेद भुला साथ रहने को राजी हुए दो जोड़े

सुलतानपुर, अमृत विचार : आपसी मतभेद के चलते दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कैथी जलालपुर निवासी किरण पत्नी फूलचंद, कोतवाली नगर के दरियापुर निवासी रुबीना पत्नी जुनैद अलग अलग रह रहे थे। शुक्रवार को महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी सीमा सरोज, महिला आरक्षी रेनू यादव, रूपा देवी, सीमा शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय, अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह, सदस्य उषा शर्मा के अथक प्रयास से दोनों जोड़े साथ रहने को तैयार हो गए।

दो प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत कादीपुर के वार्ड नंबर 4 निराला नगर के रिक्त पड़े सभासद पद के लिए शुक्रवार को दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। शुक्रवार को तहसील परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर अमित कुमार सिंह की देखरेख में सुनील कुमार एवं रमेश ने नामांकन पत्र की खरीदारी की। इस प्रकार दो दिन में तीन नामांकन पत्र खरीदे गए।

निरोग रहने के लिए रोजाना योग करने का लिया संकल्प

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए आयोजन, पर्यावरण पार्क, सीताकुंड घाट में हुए मुख्य कार्यक्रम में 3000 हजार लोगों ने लिया भाग

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वयं और समाज के लिए योग के तहत पर्यावरण पार्क, सीताकुंड घाट में मुख्य अतिथि मंत्री खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति सतीश शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण कर योग दिवस का शुभारम्भ किया।

योग प्रशिक्षक सुनील दत्त तिवारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, अन्य गणमान्य नागरिकों और महिलाओं सहित सभी को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। यहां करीब 3000 लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

वहीं, शुक्रवार को दीवानी परिसर में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय की अगुवाई में न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारीगण ने योगाभ्यास किया।

धनपतगंज संवाददाता के अनुसार विकासखंड मुख्यालय धनपतगंज पर लोगों योग सिखाती योग प्रशिक्षक प्रिंसी वर्मा ने विभिन्न बीमारियों से बचाव और स्वस्थ रहने के लिये मयूरासन, धनु आसन , प्राणायाम, नेवली आदि व्यायाम कराये। यहां एडीओ पंचायत हरिओम सैनी समेत अन्य रहे।

गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय वैदहा में हर्ष और उल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक कांति सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों को योग अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए जागरूक किया।

दोस्तपुर संवाददाता के अनुसार विकास खंड अधिकारी अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने योग किया। योग टेनर अंजू मिश्रा आयुष चिकित्सक रही। थाना परिसर में थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय व थाना के स्टाफ ने योग किया। नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों ने वरिष्ठ सहायक विपिन यादव की अगुवाई में योग किया।

कादीपुर संवाददाता के अनुसार ब्लॉक परिसर में योग प्रशिक्षक डॉ एके सिंह ने लोगों से योग कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, एसडीएम शिव प्रसाद, खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्र आदि रहे। कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ पुलिस कर्मियों ने योगासन किया। रानीपुर कायस्थ में आरएसएस के आजाद शाखा की तरफ से योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड में भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योगासन किया।

विंदेश्वरीगंज संवाददाता के अनुसार ग्राम्यांचल इन्टर कालेज पूरे भुवाल पांडेय का पुरवा पीपरगांव में आयोजित योगाभ्यास में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अवधेश अग्रहरि, रामनिहाल, अमित, रायबहादुर यादव, विकास, श्यामलाल, शालनी सिंह, अंशिका आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण पार्क में कमिश्नर, डीएम, एसपी व मंत्री सतीश शर्मा समेत अन्य ने किया योगाभ्यास। योग प्रशिक्षक का किया गया सम्मान। केएनआईपीएसएस में स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास करते प्राचार्य प्रो . आलोक कुमार सिंह। अमृत विचार

गनपत सहाय महाविद्यालय में योगाभ्यास करतीं छात्राएं व अन्य कर्मचारी। धनपतगंज में योगाभ्यास करतीं महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

गोसाईगंज में परिषदीय विद्यालय में बच्चों के साथ योगाभ्यास करतीं प्रधानाचार्य।

दोस्तपुर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

विंदेश्वरीगंज में योगाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

महाविद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया योग दिवस

सुलतानपुर : कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान में दिन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया गया। योग शिविर का शुभारंभ जिला नमामि गंगे समिति के परियोजना अधिकारी अभिनन्दन प्रताप सिंह ने सभी लोगों को गंगा एवं इसकी सहायक नदियों को सदैव स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत संस्थान के शारीरिक शिक्षा विभाग के योग प्रशिक्षक विक्रम सिंह व कृषि संकाय फरीदीपुर के योग प्रशिक्षक डॉ नीरज सिंह ने योग कराया। प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। वहीं, गनपत सहाय महाविद्यालय में प्रबंधक डॉ . ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी के दिशा निर्देशन में प्राचार्य प्रो . अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया।

लंभुआ थानाध्यक्ष समेत 3 मुकदमे में तलब

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः प्रधानाध्यापक को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने, मुकदमे में फंसाने और अन्य आरोपों में लंभुआ थानाध्यक्ष समेत तीन लोगों को कोर्ट ने मुकदमे में तलब किया है।

लंभुआ थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी प्रधानाध्यापक रामकेश सिंह ने अधिवक्ता अच्छेराम यादव के जरिए थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा, दरोगा मलखान सिंह और गांव के राजकुमार सिंह पर मानवाधिकार कोर्ट में केस दायर किया है। अधिवक्ता ने बताया कि राजकुमार सिंह पर गांव के संजय पाल ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें रामकेश सिंह और धर्मेंद्र सिंह गवाह हैं। इसी मुकदमे में गवाही से रोकने के लिए राजकुमार ने साजिश के तहत रामकेश और धर्मेन्द्र पर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया। रामकेश ने थानाध्यक्ष को अर्जी देकर कहा कि कथित घटना से उसका कोई संबंध नहीं है। लेकिन थानाध्यक्ष और विवेचक मलखान सिंह मामले की सही जांच नहीं कर रहे हैं और प्रधानाध्यापक को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान कर उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं। न्यायाधीश संतोष कुमार ने थानाध्यक्ष समेत तीनों आरोपियों को समन जारी कर 26 जून को कोर्ट में तलब किया है।

पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 29 को

संवाददाता, सुलतानपुर : लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की ,आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है।

कोर्ट से आरोपी को राहत

सुलतानपुर : दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते माह किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में विरोधाभासी बयानों के कारण पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी इन्द्रसेन को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अच्छेराम यादव ने बताया आरोपी बीते माह 22 मार्च की घटना में दर्ज हुए केस के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मुकदमे में पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए पीड़िता के बयानों में भिन्नता पाई गई है। कोर्ट ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर जेल में बन्द आरोपी इन्द्रसेन की रिहाई का आदेश दिया है।

प्रधान की मौत से दौड़ी शोक की लहर

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः बल्दीराय ब्लाक के प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष व अरवल के ग्राम प्रधान बलराम यादव (70) का सांस की बीमारी के चलते लखनऊ के निजी अस्पताल में निधन हो गया। एक माह पूर्व अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। क्षेत्र के प्रधान मोहम्मद सम्मू, प्रधान अमन सोनी, प्रधान मोहम्मद रिजवान, प्रधान मोहम्मद अकील, प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास, प्रधान गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, प्रधान उधव यादव, प्रधान राम बहादुर सिंह, प्रधान सुधीर श्रीवास्तव प्रधान,राजा सिंह, अरुण प्रताप सिंह,गोकरन शुक्ला, बासुदेव यादव, हजारी लाल साहू आदि लोगों ने दुःख जताया है।

अधिवक्ता से बदसलूकी के विरोध में बैठक बुलाने की मांग

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : बार एसोसिएशन सुल्तानपुर के अधिवक्ता वेदांग त्रिपाठी ने गोसाईगंज थानाध्यक्ष द्वारा उनके व उनके परिवार के साथ थाने ले जाकर बदसलूकी करने पर में बार महासचिव आर्तमणि मिश्र को शुक्रवार दो दर्जन अधिवक्ताओं के हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र देकर सोमवार को साधारण सभा की बैठक बुलाकर थानाध्यक्ष गोसाईगंज के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है । अधिवक्ता का आरोप है कि गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने विपक्ष से मिलकर अनुचित दबाव में उन्हें व उनके पिता को थाने में काफी प्रताड़ित किया। बार महासचिव ने बताया मामले की जानकारी है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मामले की शीघ्र जांच कराकर कारवाई की बात कही है।

वर्ग पहेली-108

बाएं से दाएं

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

ऊपर से नीचे

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।



वर्ग पहेली -107 का हल

	1 घा			2 घो	3 सी	
	टि		4 सं		मं	
5 सी	ता		6 शो	णि	त	
	ई		धि			7 दू
		8 कु	त	9 बा		रं
		ढं		ज़ा		दे
10 आ	वे	गी		र		श

बोर्ड की बैठक में तीन प्रस्ताव पास

कादीपुर, सुलतानपुर। नगर पंचायत बोर्ड की एक बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नगर पंचायत सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में कस्बे में दो हजार वृक्षारोपण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कस्बे में विद्युत पोलों पर लगाए जाने के लिए एक सौ पचास नई स्ट्रीट लाइट खरीदने एवं बरसात को देखते हुए नालियों की साफ सफाई कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, सभासद बृजेश बहादुर सिंह, सूर्य लाल गुप्ता, रणधीर सिंह, राकेश कुमार, बदमा देवी आदि मौजूद रहे।

16 करोड़ की 51 सड़कों का लोकार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

- नगर पालिका बोर्ड की पहली वर्षगांठ पर शहरवासियों को मिला विकास का तोहफा

अमृत विचारः नगर पालिका बोर्ड की पहली वर्षगांठ पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को 16 करोड़ रुपए की धनराशि से बनी 51 सड़कों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहाकि अभी 23 किमी की दूरी में हाटमिक्स प्लांट व इंटरलाकिंग के जरिए सड़कों का निर्माण कराया गया है। चेयरमैन ने कहाकि जो विकास कार्य कराया गया है वह महज आठ माह के समय में हुआ है। अभी 200 सड़कों के साथ नालियों व सभी पार्कों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। महुअरिया समेत पांच बड़ी सड़कों व नाला निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह व एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर डूडा से नगर की कच्ची सड़कों का इंटर लाकिंग कराया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा को 10 हजार पौधरोपण कराया जाएगा। पर्यावरण पार्क में एमएससी से ओपेन दूसरे जिम की मांग किया। 47 हाईमास्ट व 2000 एलईडी लाइट लगाकर शहर को रोशन किया गया। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा को अधिक से अधिक पौधारोपण हो। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शहर के विकास का पहिया नहीं रुकने पाएगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल पालिकाध्यक्ष, विधायक व एमएलसी। अमृत विचार

सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2				8	3		
	1					4	8	
5		4	9			2		7
	6		5			7		
7		5				6		9
		9			3		1	
4		8			2	1		6
	7	6					3	
		2	7				5	

सुडोकू - 20 का हल

3	8	9	6	5	2	7	1	4
5	4	6	8	7	1	3	9	2
7	2	1	9	3	4	8	5	6
6	5	7	2	4	9	1	3	8
8	9	2	5	1	3	4	6	7
4	1	3	7	8	6	5	2	9
9	7	8	1	2	5	6	4	3
1	6	4	3	9	8	2	7	5
2	3	5	4	6	7	9	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06 .37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05 .12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 17 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

वृष — आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

मिथुन — आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

कर्क — आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

सिंह — आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

कन्या — आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

तुला — आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

धनु — आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

मकर — आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

कुंभ — आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

मीन — आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **तकदीर का तमाशा** — सुबह : 09 .32
- **परदेसी बाबू** — रात : 07 .00

&pictures
- **राधे** — सुबह : 11.03
- **जिंदगी न मिलेगी दोबारा** — रात : 08 .00

SONY PIX
- **ग्रैन टूरिस्मो** — सुबह : 09 .42
- **जॉन विक 3** — रात : 08 .58

ZEE CINEMA
- **हम साथ साथ हैं** — दोपहर : 01 .48
- **सूर्यवंशी** — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- **दिल** — सुबह : 10 .24
- **अंधाधुन** — रात : 09 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज

- **वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल**

चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

नई दिल्ली। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

- **जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव**

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात

आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	92700
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74600
गिन्नी (प्रति नग)	55600-55800
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,850
सोना रवा	72,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,100
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	900 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,250
चांदी आभूषण	91,000

कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे।

कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी।

- **श्रम मंत्रालय के अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई में कम होकर 7% रही**

वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02% रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96% थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

राष्ट्रीय

हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श मामले में क्यों बदला आदेश

नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में लेना क्या कैद के समान नहीं है?

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में

संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने किशोर की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और किशोर को सुधार गृह भेज दिया गया।

खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है

खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित रिमांड आदेश पूरी तरह वैध थे और इसलिए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।

कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

नीट विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

यादव ने कहा कि पार्टी युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्वक विरोध कर रही है और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि नीट-स्नातक परीक्षा में बैठने वाले लाखों छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि छात्रों को न्याय मिले। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय में एकत्र हुए और भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और विभिन्न थानों मे ले जाया गया। बाद में इन्हें रिहा कर दिया गया।

भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

एक नजर

झारखंड में सामूहिक दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीया बच्ची की हत्या

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में एक आठ वर्षीया बच्ची के साथ तीन नाबालिग सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में एक 20 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र 16 वर्ष है। बरहरवा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा ने संवाददाताओं को बताया कि घटना बुधवार रात की है। बच्ची के परिचित आरोपी उसे मैदान पर ले गए और दुष्कर्म किया और फिर वे उसे एक सुनसान इमारत में ले गए जहां उन्होंने फिर से उससे दुष्कर्म किया।

टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

कोलकाता। सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

कोर्ट ने शराब त्रासदी पर सरकार को फटकारा

चेन्नई,एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के लिए शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए उसे राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने यह निर्देश अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की विधि इकाई के सचिव आई एस इनबादुरई द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दी। खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवायी की अगली तिथि 26 जून तय की। जनहित याचिका में राज्य सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह कल्लाकुरिची जिले में अवैध रूप से शराब बेचने के अपराध की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले में की गई कार्रवाई के अलावा पिछले साल विल्लुपुरम के मरकानम में हुई इसी तरह की घटना के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला लोगों के जीवन से जुड़ा है और इसलिए अदालत जानना चाहती है कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने क्या कार्रवाई की और पिछले एक साल में राज्य में कितने मामले दर्ज किए गए।

शराब त्रासदी में 48 की मौत : तमिलनाडु मंत्री

चेन्नई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा.सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि कल्लकुरिची में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 48 हो गई है, जिसमें तीन महिलाएं भी हैं। पुद्दुचेरी के जिपमेर अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से प्रभावित लोग इलाज के लिए अस्पताल आने में संकोच कर रहे थे इसलिए उनके महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। इसलिए सरकार ने शराब पीने वालों की पहचान की, उनके घर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया।

रेणुकास्वामी को दिये थे बिजली के झटके, जांच में खुलासा

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं

- **कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से किया था संपर्क**

सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था। अभिनेता और अन्य आरोपियों - धनराज डी, विनय वी और प्रदोष - ने जांच में सहयोग नहीं किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की।

64 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले का जेल में बंद आरोपी देगा सिविल सेवा परीक्षा

इंदौर (मप्र)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के आरोपियों में शामिल सहायक लेखा परीक्षक (ऑडिटर) को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की सिविल सेवा परीक्षा में बैठने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रामेश्वर परमार को राज्य सेवा परीक्षा 2024 के 23 जून को आयोजित प्रारंभिक दौर में शामिल होने की अनुमति दे दी। इंदौर नगर निगम में सहायक लेखा परीक्षक के रूप में पदस्थ परमार ड्रेनेज घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में है। उसने राज्य सेवा परीक्षा में बैठने के लिए कोर्ट में अस्थायी जमानत की याचिका दायर की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आरोपी को रविवार को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने के इंतजाम करे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार पांडे ने बताया कि परमार और इंदौर नगर निगम के अन्य ऑडिटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रेनेज के नाम पर फर्जी बिलों की भुगतान से पहले जांच नहीं की।

हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

शिमला। हिमाचल के शिमला जिले में कुद्दु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुद्दु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानलेवा लू : मृतक संख्या हुई 143

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है।

कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की

गर्मी का प्रकोप

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि वे गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं।

हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

नई दिल्ली। देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और दो लाख ओपीडी आयोजित हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया। जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद आलम ओनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

नॉर्थ साउंड। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

खेल डायरी

अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

लंदन। विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

बेरॉन (चेक गणराज्य)। भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

नयी दिल्ली। भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सीमित प्रारूपों में दो नयी गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है।

आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नयी गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती। राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम के कोच बनने की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर ने कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए बहुत अनुचित है। इसीलिए वे अब सीमित ओवर में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेल पा रहे है। यह सही नहीं है।

जब मैं नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

चेन्नई। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। विश्व कप (2011) से पहले पहले दो वर्षों के दौरान मैं मैदान पर केवल ड्रिंक्स लेकर जाता था।

बुमराह के आसपास भी नहीं है कोई गेंदबाज : मांजरेकर

ब्रिजटाउन, एजेंसी। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है।

बुमराह ने अफगान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा कि कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाये। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिये। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।

रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जीता

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप दो मैच में शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स 53 और लियाम लिविंगस्टोन 33 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरे अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक (65) और डेविड मिलर (43) रनों की पारी खेली।अफ्रीका की टीम अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 86 रन जोड़े।

10वें ओवर में मोईन ने हेंड्रिक्स (19) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई। 12वें में आर्चर ने डिकॉक को आउट कर अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। डिकॉक ने 38 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (65) रनों की पारी खेली।

अमेरिका से वेस्टइंडीज को मिल सकती है कड़ी टक्कर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

यूरो कप 2024 यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।

स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

टोक्यो

तेल अवीव

जिबूती

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।

न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

एक नजर

दक्षिण चीन में बाढ़ और भूस्खलन में 47 की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी।

आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

येरेवान। आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

लंदन/रोम। इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

सियोल। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा। क्यून ने मास्को के साथ सियोल के संबंधों पर पड़ने वाले असर की भी चेतावनी दी।

भारत ने चीन की आपत्तियों को किया खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर जताई थी आपत्ति**

भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। उन्होंने 18-19 जून को धर्मशाला का दौरा किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की।

दलाई लामा के बारे में भारत की नीति दोहराते हुए जायसवाल ने कहा, परम पावन दलाई लामा पर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं। परम पावन को अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए उचित शिष्टाचार और स्वतंत्रता दी गई है।

भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

भारत-पाकिस्तान में सीधी बातचीत हो : अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा अमेरिका के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध**

अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है।

उन्होंने कहा, जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं। मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं...। मिलर ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से संवाद करते आ रहे हैं।

कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

पेशावर, एजेंसी

- **पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना**
- **भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली**

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

आतंकवाद से निपटने को बने मजबूत अभियोजन तंत्र

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आतंकवाद और उग्रवाद से उत्पन्न खतरे का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके अभियोजन तंत्र में सुधार लाने का आह्वान किया है। समाचार पत्र डॉन की एक खबर के अनुसार, जरदारी ने अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सुरक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दिए गए अधिकार में खामियों के बारे में भी बताया गया। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से उग्रवाद है और वहां अक्सर सैन्य काफिलों एवं सुरक्षा कर्मियों पर हमले होते रहते हैं। बंदरगाह शहर ग्वादर में हुई बैठक में जरदारी ने प्रांतीय सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आतंकवाद से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बलिदान की सराहना की।

दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

ओटावा, एजेंसी

- **उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम**

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर,गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।

संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

खगोल विज्ञान कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।

कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

नैनीताल : जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।